श्रावण शुक्ल पक्ष-3, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 48 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

07 अगस्त 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

31 अधिकतम

24 न्यूनतम




# उम्मीदों को करारा झटका, विनेश फाइनल के लिए अयोग्य

## अब चानू-अविनाश के लिए उम्मीदों का उफान

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आज पेरिस ओलंपिक में भारत को बहुत बड़ा झटका लगा है। गोल्ड मैडल के लिये फाइनल मुकाबला खेलने जा रही विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उनका वजन 50 किलो कैटेगरी से मेल नहीं खा रहा था। यह 100 ग्राम अधिक था इस मामले पर अब बवाल मच गया है। लोकसभा में भी इसकी गूंज हुई वहीं पीएम मोदी ने ओलंपिक संघ बातचीत की। उन्होंने विनेश को भी चैम्पियन करते हुए शुभकामनाएं दी है। इस मामले को लेकर व्यापक जांच व हस्तक्षेप की मांग भी उठने लगी है। इधर भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा यह खेदजनक है कि भारतीय दल महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग से विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किया गया है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज वजन अधिक निकला था। संघ ने कहा कि इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। विनेश ने महिला कुश्ती के 50 किग्रा वर्ग में सुसाकी को हराकर बड़ा उलटफेर करने के बाद यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को पछाड़कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। वहीं आज ही भारत की वेटलिफ्टिंग सनसनी मीराबाई चानू भी रात 11 बजे अपने इवेंट में उतरेंगी। एथलेटिक्स में एक और मुकाबले पर भारत की आज नजर है। क्योंकि इसमें अविनाश साबले पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज के ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं।



## मैडल लेकर मनु लौटीं तो गूंज उठा आसमान

भारत की ओलंपिक उम्मीदों को कल से नए पंख मिले हुए हैं। आज इन उम्मीदों के सच में बदलने की दुआ हर भारतीय खेल प्रेमी कर रहा है। आज मीरा बाई चानू पदक की दौड़ में हैं। वहीं दो मेडल विजेता निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद आज सुबह जब दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची तो उनका जबरदस्त स्वागत हुआ। विमानतल पर मौजूद मनु के माता पिता ने उनका माथा चूम लिया और उनके कोच जसपाल राणा को भी लोगों ने खूब सराहा। दोनों की फूल मालाओं से लाद दिया गया । मनु के स्वागत में नारेबाजी, ढोल की थाप से पूरा विमानतल गूंजता रहा। मनु ने इस दौरान पेरिस ओलंपिक में जीते गए दोनों ब्रॉन्ज मेडल भी मीडिया को दिखाए। वे अब रविवार को ओलंपिक खेलों की क्लोजिंग सेरेमनी में भाग लेने के लिए पेरिस लौट जाएंगी। वे ओलंपिक समापन समारोह के दौरान भारत की ध्वजवाहक होंगी। 22 वर्षीय मनु हरियाणा की रहने वाली हैं। उल्लेखनीय है कि मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को पेरिस में पहला मेडल दिलाया था। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम



स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।वह तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय बनकर इतिहास रचने की कगार पर थीं, लेकिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में वह मामूली अंतर से चूक गईं थीं।



**चैंपियंस की यही पहचान, पूरा तंत्र धराशायी :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पेरिस ओलिंपिक में विनेश फोगाट की फाइनल में एंट्री पर उन्हें बधाई दी और केंद्र सरकार की आलोचना भी की। राहुल ने कहा कि आज भारत की बहादुर बेटी के सामने सत्ता का वो पूरा तंत्र धराशायी पड़ा था, जिसने उसे खून के आंसू रुलाए थे।राहुल ने एक पोस्ट में लिखा, 'एक ही दिन में दुनिया की तीन धुरंधर पहलवानों को हराने के बाद आज विनेश के साथ-साथ पूरा देश भावुक है। जिन्होंने भी विनेश और उसके साथियों के संघर्ष को झुठलाया, उनकी नीयत और काबिलियत पर सवाल खड़े किए, उन सभी को जवाब मिल चुका है। चैम्पियंस की यही पहचान है, वो अपना जवाब मैदान से देते हैं।

## भारतीय हज यात्रियों की वापसी का सिलसिला शुरू

**नयी दिल्ली।** भारतीय हज यात्रियों का



हज करने के बाद मदीना एवं जेद्दाह हवाई अड्डे से वतन वापसी का सिलसिला जारी हैं। अब तक 140 उड़ानों के माध्यम से 43329 हज यात्री अपने वतन लौट चुके हैं। भारतीय हवाई अड्डों पर केंद्रीय,राज्य हज कमेटी और अन्य संबंधित एजेंसियां हज यात्रियों के स्वागत ,मार्गदर्शन और स्वागत कर रही हैं। हवाई अड्डे पर सभी हज यात्रियों को 5 लीटर ज़मज़म पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वतन पहुंचे हज यात्रियों ने हज 2024 में भारत सरकार द्वारा हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से की गई व्यवस्थाओं पर संतोष और खुशी व्यक्त की है।

## मुस्लिम नाबालिग की शादी मान्य है या नहीं, सुप्रीम कोर्ट करेगा तय

**नई दिल्ली।** चाइल्ड मैरिज (प्रिवेंशन) एक्ट होने के बाद भी क्या मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत नाबालिग लड़की के निकाह की इजाजत दी जा सकती है?



कई हाई कोर्ट इस मसले पर अलग-अलग फैसले दे चुकी हैं। नैशनल कमीशन फॉर प्रोटक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के ऐसे ही एक फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अडिशनल सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने यह मामला उठा। चीफ जस्टिस ने कहा, 'हम सुनवाई करेंगे और इस मामले का निपटारा करें। जल्द ही सुनवाई के लिए तारीख भी तय करेंगे।'

### बांग्लादेश में हालात खराब, निशाने पर हिंदु , भारत ने दूतावास कर्मियों को वापस बुलाया

# भारत में ही रहेंगी हसीना, किसी देश से नहीं मांगी शरण



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पडोसी देश बांग्लादेश में लगातार हिंसा बढने की खबरें हैं। राजनीतिक उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुकीं शेखहसीना अभी भारत में ही रहेंगी। उनके बेटे वाजेद जॉय ने जर्मन वेबसाइट को बताया कि हसीना का कहीं और जाने का फिलहाल कोई प्लान नहीं है। उन्होंने किसी देश से राजनीतिक शरण नहीं मांगी है। दूसरी तरफ, बांग्लादेश में हसीना की पार्टी अवामी लीग और उनके सहयोगी दलों से जु? करीब 29 नेताओं की हत्या कर दी गई। जबकि जारी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट्स की सिफारिश के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया है। भारतीय दूतावास के 190 कर्मचारी बांग्लादेश से वापस लौट आए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 20 से 30 स्टाफ्स अभी भी ढाका में मौजूद हैं।

## एक्टर की हत्या, सिंगल का घर जलाया

बाग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। खबर है कि हिंदू सिंगर राहुल आनंद के घर भीड़ ने आग लगा दी। वहीं, एक्टर शान्तो खान और उनके पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। एक्टर के पिता सलीम खान चांदपुर सदर उपजिला के लक्ष्मीपुर मॉडल यूनियन परिषद के अध्यक्ष थे। इसकी पुष्टि बांग्ला चलचित्र ने सोशल मीडिया पर की है। सिंगर राहुल आनंद के ढाका स्थित धानमोंडि घर में सोमवार दोपहर को लोगों ने निशाना बनाया। हमले में वे, उनकी पत्नी और बच्चे भागने में कामयाब रहे। वहीं शान्तो खान और उनके पिता सलीम सोमवार दोपहर अपने घर से फरक्काबाद



बाजार में उपद्रव में शामिल हो गए थे। इस दौरान भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उस समय तो उन्होंने खुद को बचा लिया, लेकिन बाद में हमलावरों ने दोनों की हत्या कर दी। बता दें कि सलीम मुजीबुर रहमान पर बनी फिल्म के प्रोड्यूसर थे।

### हसीना के भागते ही बाजार की चाल तेज

**शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश के शेयर बाजारों में भारी उछाल देखा गया। ढाका स्टॉक एक्सचेंज के इंडेक्स DSEX में 3.77प्रतिशत का उछाल आया और ये 5,426 पर पहुंच गया। ये पिछले साढ़े तीन सालों में सबसे बड़ी बढोतरी है।**



### कौन हैं मुहम्मद यूनुस?

**मुहम्मद यूनुस, एक नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, उन्हें 'गरीबों में सबसे गरीब के बैंकर' के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि एक बार शेख हसीना ने उन्हें 'खून चूसने वाला' तक कह दिया था। 83 साल के यूनुस हसीना के जाने-माने आलोचक और विरोधी हैं। उन्होंने शेख हसीना के इस्तीफे को देश का 'दूसरा मुक्ति दिवस' करार दिया है। पेशे से अर्थशास्त्री और बैंकर, यूनुस को 2006 में गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद के उद्देश्य से माइक्रो क्रेडिट के उपयोग का बीड़ा उठाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। नोबेल शांति पुरस्कार समिति ने यूनुस और उनके ग्रामीण बैंक को नीचे से आर्थिक और सामाजिक विकास बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहा था। श्रेय दिया था।**

## शेयर बाजार तेजी पर, टैक्सटाइल शेयर पर बांग्लादेश का असर, उछले

**मुबंई।** शेयर बाजार में आज तेजी देखने को मिल रही है। संेसेक्स 900 अंक से ज्यादा की तेजी के



साथ 79,550 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 300 अंक की तेजी है, ये 24,320 स्तर पर कारोबार कर रहा है। संेसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और सिर्फ 5 में गिरावट है। आज ऑटो, मेटल और आईटी शेयर्स में ज्यादा तेजी है। निफ्टी ऑटो में 1.67त्न की तेजी है। राजनीतिक अस्थिरता के चलते बांग्लादेश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर संकट गहरा सकता है। ऐसे में इंटरनेशनल खरीदार भारत जैसे बाजारों का रुख कर सकते हैं। इस संभावना के चलते भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों के शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। एस पी अपैरल के शेयर में आज 10त्न से ज्यादा की तेजी है। इससे पहले कल भी इसका शेयर 20 प्रतिशत चढ़ा था।

## केजरीवाल ने एलजी को लिखा-मेरी जगह आतिशी करेंगी झंडावंदन

**नई दिल्ली।** जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उप राज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखकर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में



तिरंगा फहराने के लिये खुद के स्थान पर सरकार में मंत्री आतिशी तिरंगा को अधिकृत किया है। केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। गिरफ्तारी को रद्द करने की याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। हालांकि, अदालत ने केजरीवाल को जमानत के लिए निचली अदालत जाने की छूट दी। केजरीवाल ने जमानत के लिए सीधे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

## महंगाई बेलगाम, गवाही दे रहे वेज और नानवेज थाली के दाम

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

महंगाई है कि कम होने का नाम नहीं ले रही है, अब ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में वेज और नॉनवेज थाली महंगी हुई है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा है। इसके अनुसार, जून के मुकाबले वेज थाली के दाम 11 प्रतिशत और नॉन वेज थाली के दाम 6 प्रतिशत तक बढ़े हैं। प्याज और आलू जैसी सब्जियों के दाम बढ़ने के कारण कीमतों में वृद्धि हुई है।



इस रिपोर्ट की मानें तो जून में वेज थाली की कीमत जून में 29.4 रुपये प्रति प्लेट थी, जो जुलाई में बढ़कर 32.6 रुपये प्रति प्लेट पर पहुंच गई। क्रिसिल रिपोर्ट की मानें तो प्याज के दाम 65 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं, जबकि आलू के दाम 55 प्रतिशत बढ़े हैं। पिछले वर्ष के मुकाबले ये कीमत कम है। 2023 की तुलना में जुलाई 2024 में वेज थाली के दाम 4 प्रतिशत यानी 32.6 रुपये कम है। जबकि, नॉन वेज थाली की कीमत करीब 9 प्रतिशत (61.4 रुपये) कम है। पिछले साल के मुकाबले इस बार टमाटर की कीमत कम रही। 23 में टमाटर के दाम 110 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए थे, जो इस साल 66 रुपये प्रति किलो रहे। पिछले साल टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह उत्तरी राज्यों में आई बाढ़ और कर्नाटक में कीटों का प्रकोप था इधर, आलू और प्याज में पिछले वर्ष के मुकाबले वृद्धि हुई है। प्याज के दाम जहां 65 प्रतिशत बढ़े हैं, तो वहीं आलू की कीमतों में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मांसाहारी थाली की कीमत पिछले साल से कम रहने का कारण ब्रॉयलर (मुर्गे) की कीमतों में कमी आना है। यह 11 प्रतिशत तक कम हुआ है।

**मेट्रो एंकर**

### हर घर तिरंगा अभियान पर सीएम ने मंत्रियों को दिए जरूरी निर्देश...

# तिरंगा केन्द्रित कैबिनेट फिर सीएम का कर्नाटक कूच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज अपने सभी मंत्रियों से कहा कि प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान और 15 अगस्त को जनउत्सव के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि् यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी वार्ड या ग्राम में तिरंगे झंडो की कमी ना हो। उन्होंने कहा है प्रदेश में रक्षाबंधन और जन्माष्टमी का पर्व सामाजिक समरसता के भाव के साथ उत्साह और उल्लास से मनाया जाए। मुख्यमंत्री ने वर्षा को देखते हुए सावधानियां बरतने और आवश्यक निगरानी व मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। उन्होंने आज कैबिनेट बैठक से पहले समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंत्री, नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों तथा संभाग व जिला




स्तरीय अधिकारियों ने वर्चुअल सहभागिता की। इसके बाद मंत्रालय में कैबिनेट बैठक् में यादव ने कहा कि पीएम मोदी की पहल पर मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत आज की मंत्री परिषद की बैठक तिरंगे को समर्पित है । हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक गांव और वार्ड में 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्रदेश में 25000 स्थान पर 10 अगस्त को एक साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा, और बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से राशि जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि साइबर तहसीलों में राजस्व संबंधी अन्य प्रक्रियाओं को शामिल करते हुए साइबर तहसीलों के कार्यों की परिधि को विस्तारित किया जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक में दर्जन भर प्रस्तावों पर चर्चा की जा रही है। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के कार्य आवंटन नियमों में बदलाव का मुद्दा प्रमुख है। बैठक में अधिकारियों की जिम्मेदारियों को लेकर प्रस्ताव मंजूर किए जाएंगे। इसके अलावा दूध उत्पादक किसानों को इंसेंटिव देने पर कैबिनेट फैसला कर सकती है। साथ ही ऊर्जा, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास समेत अन्य विभागों के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

### बेंगलुरू में निवेशकों के बीच ब्रांडिंग

मुख्यमंत्री आज दोपहर कर्नाटक के लिये रवाना हो रहे हैं। उन्होंने बैठक में बताया कि प्रदेश में आईटी, रक्षा और स्पेस साइंस में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बेंगलुरु में 8 अगस्त को इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। ग्वालियर में 28 अगस्त को रीजनल इन्वेस्टर समिट भी आयोजित होगी।

## राजधानी की मनमोहक हरियाली



भोपाल। सावन का महीना और हरा-भरा हुआ राजधानी की छोटी झील का नजारा। फोटो निर्मल व्यास


### ननि और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर दिखाते हैं *दिखावटी चिंता*

# सड़कों के घटिया निर्माण व ट्रैफिक जाम से सरकार की भी किरकिरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में सरकार की नाक के नीचे घटिया सड़क निर्माण ने सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी है। अकेले भोपाल की दर्जनों सड़कों पर चलने जैसी स्थिति नही है। गड्ढों में समा रही सड़कों के कारण लोग खासे परेशान है। बारिश के समय इन गड्ढों की स्थिति समझ नहीं आती और राहगीरों को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है तो मौसम खुलते ही सड़कों पर फैली गिट्टियों से धूल के गुब्बार जैसी स्थिति बन रही है।

शहर की सड़कों की गुणवत्ता की हालत यह है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई प्रमुख सड़कों में से 70 फीसदी गारंटी पीरियड में ही खराब हो गई हैं। हाल में जब बारिश का दौर थमा था तब विभाग के आला अफसर मैदान में उतरे थे और सडकों को दुरूस्त करने की बात कही थी लेकिन यह काम भी पूरी तरह नहीं हो पाया। यही हाल नगर निगम की बनाई गई सड़कों के भी हैं। शहर के 7 नंबर स्टॉप के आसपास शाम व सुबह जाम के हालात सड़क के चलते बनने लगते हैं। प्रशासन अकादमी के सामने जर्जर सड़क का बडा हिस्सा भी यातायात में दिनभर बाधक है। यह हालत अमूमन सभी प्रमुख सड़कों के हैं। शहर में पीक आवर्स में जाम इसलिए लग रहा है क्योंकि गड्ढों के कारण वाहन रेंगने को मजबूर हैं। निगम के पास भोपाल में करीब दो हजार किमी सड़कें हैं। इनमें 20 किमी तो ऐसी हैं, जिनमें गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। तीस किमी से ज्यादा लंबी वो एप्रोच रोड भी खराब हैं। ननि की सड़कों में करीब सौ किमी डामर की हैं। खराब सड़कों या उनमें बढ़ते गड्ढों की लगातार शिकायतें मिलने के बाद निगम की सिविल शाखा ने सड़कों की वास्तविक स्थिति का आंकलन कराया व इस आधार पर पैचवर्क की तैयारी की जा रही है। खराब सड़कों की शिकायतों की जल्द ही मंत्री समीक्षा भी कर सकते हैं।



### जर्जर मकान और दीवारें भी खतरे में

भोपाल के हमीदिया गर्ल्स स्कूल की चारदीवारी के हाल भी अचछे नजर नहीं आ रहे हैं। करीब बीस फीट से अधिक ऊंची यह दीवार न केवल स्कूल के बच्चों के लिए खतरा है, बल्कि सड़क से गुजरने वाले राहगीरों की जान भी जोखिम में रहती है। करीब 6 साल से यह दीवार सड़क की तरफ झुकी है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि दो साल पहले इसे जर्जर घोषित कर दिया था। दीवार झुकना शुरू हुई थी, तब पीडब्लूडी ने इसकी जांच भी की थी। इस पर नोटिस भी लगाया कि यह दीवार खतरनाक है। इसके अलावा स्कूल की एक अन्य दीवार भी सड़क की तरफ है जो पिछले एक साल से सड़क की और झुक रही है। इस दीवार का एक बड़ा हिस्सा करीब साल भर पहले गिरा था।

### विजयवर्गीय ने अफसरों को फटकारा


शहर की सड़कों की खस्ताहालत पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नगर निगम अफसरों



को जमकर फटकारा है। उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि नगर निगम शहर की सड़कों को गर्मी में सुधारने की बजाय बरसात के बीच सुधार रहा है। कोई बताए कि बारिश के बीच 80त्न टूटी-फूटी सड़कें कैसे सुधरेंगी? बताया जाता है कि बैठक में भोपाल की टूटी सड़कों का मामला आते ही मंत्री नाराज हो गए। निगम के अफसरों से कहा कि आप लोगों को गर्मी में समय रहते मेंटेनेंस करना चाहिए था। मंत्री ने निगम के सर्वे पर भी कटाक्ष किया और कहा कि अब बारिश में फोटो खींचने से क्या होगा? गौरतलब है कि बारिश के कारण पीडब्ल्यूडी के अलावा नगर निगम की सड़कें गड्ढों से भर चुकी हैं। निगम की सिविल शाखा ने हाल ही में सड़कों की खराब हालत का आकलन कराया था।

### निचली बस्तियों में बाढ की चेतावनी

# राजधानी के सभी बांध लबालब अब केरवां के खुलने का इंतजार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हालिया बारिश के दौर में केरवा डैम छलक उठा है। हालांकि, यह थोडा खाली है लेकिन गेट के ऊपर से पानी बहने लगा है। जैसे ही तेज बारिश होगी, गेट खुल जाएंगे। भदभदा, कोलार और कलियासोत डैम के गेट पहले ही खुल चुके हैं। अब सिर्फ केरवा के गेट खुलने का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि केरवा में 8 गेट है, जो ऑटोमैटिक है। केरवा डैम में पानी का फुल टैंक लेवल 1673 फीट है। इसमें अब तक 1670.83 फीट जमा है। डैम के कैचमेंट एरिया में दो दिन से बारिश नहीं हुई है। इस कारण यह पहले नहीं भर पाया है, जबकि पिछले साल भदभदा डैम से पहले भर गया था। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक भोपाल और सीहोर में तेज बारिश होने का अलर्ट जारी नहीं किया है। ऐसे में केरवा डैम के गेट खुलने की संभावना कम ही है। वहीं भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। इसके मुकाबले अब तक 32.65 इंच पानी गिर चुका है। यानी, सीजन की 87 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। पिछले साल पूरे सीजन में 30.9 इंच पानी ही गिरा था।

### इस महीने 14 दिन पानी का ट्रेंड, बाढ़ की चेतावनियां

अगस्त के महीने में भोपाल में एवरेज 14 दिन बारिश होने का ट्रेंड है। इस महीने 13 इंच पानी बरसता है। इस बार शुरुआती 4 दिन तक तेज बारिश हुई है, जबकि पांचवें दिन हल्की बारिश हुई। अगस्त के कोटे की अब तक आधी बारिश हो चुकी है। बड़ा तालाब और प्रमुख डेम लबालब हैं। ऐसे में बांधों के गेट खोलने को लेकर विशेष एहतियात बरती जा रही है। खासकर कलियासोत डेम के गेट खोलने को लेकर जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता शिरीष मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि बांध से निकासी इस तरह हो ताकि निचली बस्तियों और मंडीदीप इंडस्ट्रियल एरिया में नुकसान न हो।

इस डेम का पानी कलियासोत नदी और बेतवा नदी में जाता है और जद में दामखेड़ा, जाटखेड़ी से लेकर कोलार, रायसेन और विदिशा जिले की कई बस्तियों के करीब ढाई लाख लोग और मंडीदीप इंडस्ट्रियल एरिया आता है।

## निहारिका ने हासिल किया स्वर्ण पदक

**हिरदाराम नगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय की छात्रा निहारिका नागर ने ''ऑल इण्डिया इन्डीपेन्डेन्स चैम्पीयनशिप'' में स्वर्ण पदक हासिल किया है। विद्यालय की कोच भावना यादव के मार्गदर्शन में कक्षा नवीं की छात्रा निहारिका नागर ने दिल्ली में नेशनल टूर्नामेंट में अलग-अलग राज्यों से आए खिलाड़ियों, जिसमें आर्मी और पुलिस विभाग से आए प्रतिस्पर्धी खिला?यों को पछा? कर गोल्ड मेडल हासिल किया। टूर्नामेंट में 15 राज्यों से आए खिला?यों ने अपना प्रदर्शन किया जिसमें 14 वर्षीय निहारिका ने 4 बाउट (फाईट) में सबको पीछे छो?ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निहारिका ने मध्यप्रदेश कराटे एसोसिएशन कैडेट जूनियर एवं सीनियर स्टेट कराटे चैम्पीयनशिप में भी रजत पदक प्राप्त किया था।



## सीमा पर तैनात सैनिकों को राखियां बनाकर भजेंगी बहनें

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

रक्षाबंधन से पूर्व कैंब्रिज स्कूल की छात्राओं ने देश की रक्षा में लगे सैनिकों को राखियों में भारत माता का चित्र, तिरंगा, सैनिकों के चित्र आदि प्रमुख चित्र बनाकर भेजेगी। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल ने बताया बच्चे जब अपने हाथो से राखी बनाते हे उसमे देश व सैनिकों के प्रति सम्मान एवं भावनाएं जु?ती हे,राखी के त्यौहार पर सैनिकों को सम्मानित करने से उनकी सेवाओं को मान्यता मिलती है एंवम राखी का त्यौहार देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देता है, इस अवसर पर सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया राखी का त्योहार देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए विशेष



महत्व रखता है, क्योंकि यह उनकी रक्षा की भावना को दर्शाता है, रक्षाबंधन से पूर्व 2100 राखियाँ बनवाकर देश की रक्षा में लगे सैनिको को भेजी जाएंगी।

## नई शिक्षा नीति का पालन बैगलेस डे मना नवनिध में

### छात्राओं ने गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बेगलेस डे पर स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सीबीएसई के अनुसार एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग को ध्यान में रखते हुए विविध गतिविधियों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी योग्यता एवं क्षमता के आधार पर कलात्मक व ज्ञानवर्धक गतिविधियों में अनूठा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं में मौखिक -लिखित अभिव्यक्ति के साथ-साथ सृजनात्मकता विकसित करते हुए उनमें देश प्रेम के प्रति रुचि जागृत करना रहा। विद्यालय में बेगलेस डे के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कक्षा पहली व दूसरी की छात्राओं के लिए विविध वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नन्ही छात्राओं ने भारत माता,



झांसी की रानी, सुभाष चंद्र बोस, सावित्री बाई फुले, भगत सिंह आदि की वेशभूषा पहनकर भाग लिया। कक्षा तीसरी व चौथी की छात्राओं ने नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए स्वतंत्रता दिवस से संबंधित देश प्रेम के स्वरचित नारे लिखकर प्रदर्शन किया। इसी तारतम्य में कक्षा पाँचवी व छठवीं की छात्राओं ने राखी बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें उनके द्वारा रंग बिरंगी, मनमोहक राखियाँ बनाई गईं।

## भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक कार्ड का विमोचन

**हिरदाराम नगर।** हलालपुर स्थित खाती धर्मशाला में श्रावण मास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक का आयोजन 11 अगस्त को किया जा रहा है। आयोजन को लेकर जेल रोड़ स्थित गोकुल धाम में कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा, पंडित रघुवीर चौबे की उपस्थिति में कार्ड का विमोचन किया गया।

मनोज वर्मा और पंडित रघुवीर प्रसाद ने बताया कि श्रावण मास के अवसर पर 11 दिवसीय शिवलिंग निर्माण यात्रा चल रही है जिसमें जगह-जगह शिवलिंग बनाए जा रहे हैं। 11 अगस्त को खाती धर्मशाला में भव्य शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक का आयोजन होगा। जिसमें दोपहर 2 बजे से पूजन, 4 बजे से हवन, महाआरती 5 बजे से और उसके बाद प्रसादी वितरण होगा। इस मौके पर 11 दिन की यात्रा का समापन भी किया जाएगा। कार्ड विमोचन के अवसर पर पिंकी दांगी, सरोज अवधीया, मिलन शर्मा, रीता जगदीश विश्वकर्मा, हेमलता शर्मा, डॉ. संजीव शुक्ला, अनीता शर्मा, वर्षा झा, रानी यादव, वंदना खत्री, स्मिता गुप्ता, मंगला मलिक, शशि गुप्ता, किरण गुप्ता, वर्षा चैबे सहिम ब?ी संख्या में श्रद्वालु मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### चार माह के त्योहारों के पंचांग का विमोचन

# दो तिथियों में त्योहार, तय कर दी पंडितों ने तारीख

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर व भोपाल सिंधी ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 04 माह के धार्मिक त्योहारों की तिथियां का पंचाग का विमोचन पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में दीपमाला पागरानी संस्कार पब्लिक स्कूल में किया गया।

पंडित जय शर्मा व यश शर्मा ने बताया कि हमारे हिन्दू त्यौहारों की तिथियां 2 दिन पड़ने के कारण धर्म प्रेमीबंधु त्यौहार तिथि पर नहीं मना पाते है। जिसके कारण भोपाल संत नगर के ब्राह्मण समाज ने बैठक कर और अन्य पंचांगों से तिथियों का मिलान कर व वरिष्ठ विदवानों से चर्चा कर इस पंचाग



को बनाया गया जिसका आज विमोचन किया गया। ब्राहमण समाज के नारायण शर्मा, पिण्टू शर्मा, मुकुन्द गोप महाराज, अंकुर मोहनलाल शर्मा, नवीन शर्मा, पं. बाबू अमरलाल शर्मा, पं. दीपू बच्चाराम शर्मा, पं. आकाश शर्मा व अन्य ब्राहमणों ने मिलकर इस पंचांग को बनाया। इस अवसर पर आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने पंचांग को सराहते हुए कहा कि इस पंचांग में सिंधी समाज के तीज त्यौहारों की तिथियां दी गयी है। विशेषकर सर्वपितु श्राद्ध जो तिथियां दी गयी है यह जरुरी था क्योंकि उन तिथियो के कारण धर्मप्रेमीबंधु बहुत परेशान होते थे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत महासचिव माधू चांदवानी ने भी सिंधी ब्राहमण समाज के प्रयासो की सराहना की एवं पंचाग की बधाई दी। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज का पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से शाल पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी बसंत चेलानी, पंचायत कार्यवाहक अध्यक्ष भरत कुमार आसवानी, उपाध्यक्ष नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मुख्य सलाहाकार नरेश तोलानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, माधव पारदासानी, राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, राजन धनवानी, कन्हैया नागदेव, महेश प्रेमचंदानी, लाल गुवालानी, किशन उदासी, अशोक हिमथानी, सोनू जय माता दी आदि उपस्थित थे।

## पार्टी के तिरंगा अभियान से लेकर रक्षाबंधन उत्सव और जन्माष्टमी को भी धूमधाम से मनाने की तैयारियां

# राष्ट्रीय व धार्मिक आयोजनों में डूबी सरकार, पांच मंत्रियों को लगाया



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश सरकार इस समय राष्ट्रीय और धार्मिक आयोजनों में डूबी हुई है। इसमें पार्टी का राष्ट्रीय तिरंगा अभियान व सरकार का रक्षाबंधन उत्सव और जन्माष्टमी पर्व शामिल है। सरकार ने इन तीनों प्रमुख आयोजनों के लिए पांच मंत्रियों को जिम्मेदारी दी है। इनमें प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, धर्मेन्द्र लोधी, विश्वास सारंग, इंदर सिंह परमार जैसे मंत्री शामिल है। पार्टी का तिरंगा अभियान 11 अगस्त से शुरू हो जाएगा तो सरकार पहले से रक्षाबंधन उत्सव मनाना शुरू कर दिया है। अब 10 अगस्त को एक साथ प्रदेश के 25 हजार स्थानों पर रक्षाबंधन उत्सव मनाया जाएगा। उधर 26 अगस्त को सरकार धूमधाम से जन्माष्टमी भी मनाएगी। असल में भाजपा ने एक मैराथन बैठक बुलाई थी, जिसमें तिरंगा अभियान के रोडमैप पर चर्चा हुई और इसके जरिए डेढ़ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया। इसके लिए प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गई है। इसको लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पूरा रोडमैप सामने रखा। इसी बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसके पहले 10 अगस्त को रक्षाबंधन उत्सव मनेगा, जिसमें 1.29 करोड़ लाड़ली बहनाओं में से प्रत्येक के खाते में सिंगल क्लिक से 1500 रुपये दिए जाएंगे। दूसरे ही दिन 11 अगस्त से तिरंगा अभियान शुरू होगा, जिसे सफल बनाने में सरकार सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि 15 अगस्त को प्रभारी मंत्री ही जिलों में झंडावंदन करेंगे। उक्त बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह व प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।

### एमपी बोर्ड

# दसवीं-बारहवीं का टाइम टेबल जारी, 25 फरवरी से शुरू होंगे बोर्ड परीक्षाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) से संबंधित स्कूलों के कक्षा दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। एमपी बोर्ड ने दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, हाई स्कूल की परीक्षा 27 फरवरी को शुरू होकर 19 मार्च को खत्म होगी। वहीं, हायर सेकेंडरी परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी और 25 मार्च को खत्म होगी। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे रहेगा। नियमित विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल एग्जाम 10 फरवरी से 15 मार्च 2025 जबकि प्राइवेट विद्यार्थियों के 27 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक होंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र सुबह 8:30 बजे तक पहुंचना होगा। 8:45 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### प्रदेशभर के 18 लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल, बनाए जाएंगे करीब 3500 परीक्षा केंद्र

#### परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी

फिलहाल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बोर्ड ने इस सत्र में परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स की आधिकारिक संख्या घोषित नहीं की है। हालांकि जानकारों की माने तो इस बार 18 लाख से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होने की संभावना है।

#### हाईस्कूल का टाइम टेबल

| तारीख | दिन | विषय |
|---|---|---|
| 27 फरवरी | गुरुवार | हिंदी |
| 28 फरवरी | शुक्रवार | उर्दू |
| 1 मार्च | शनिवार | समस्त विषय व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस |
| 3 मार्च | सोमवार | अंग्रेजी |
| 5 मार्च | बुधवार | मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज, कंप्यूटर |
| 6 मार्च | गुरुवार | संस्कृत |
| 10 मार्च | सोमवार | गणित |
| 13 मार्च | गुरुवार | सामाजिक विज्ञान |
| 19 मार्च | बुधवार | विज्ञान |

#### हायर सेकंडरी का टाइम टेबल

| तारीख | दिन | विषय |
|---|---|---|
| 25 फरवरी | मंगलवार | हिंदी |
| 28 फरवरी | शुक्रवार | अंग्रेजी |
| 1 मार्च | शनिवार | उर्दू, मराठी |
| 4 मार्च | मंगलवार | फिजिक्स, इकोनॉमिक्स, एनिमल हसबेंडरी विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास |
| 5 मार्च | बुधवार | बायोटेक्नॉलोजी, गायन वादन, तबला पखावज |
| 6 मार्च | गुरुवार | ड्राइंग एंड डिजाइन |
| 7 मार्च | शुक्रवार | भूगोल, क्रॉप प्रोडेक्शन एंड हार्टिकल्चर, स्टिल लाइफ एंड डिजाइन, विज्ञान एवं स्वास्थ्य |
| 8 मार्च | शनिवार | बायोलॉजी |
| 10 मार्च | सोमवार | मनोविज्ञान |
| 11 मार्च | मंगलवार | इन्फॉरमेटिव प्रैक्टिसेस |
| 12 मार्च | बुधवार | संस्कृत |
| 17 मार्च | सोमवार | कैमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान |
| 19 मार्च | शनिवार | छैफथ् के समस्त विषय, शारीरिक शिक्षा |
| 20 मार्च | गुरुवार | सोशल साइंस |
| 22 मार्च | शनिवार | कृषि, होम साइंस (कला समूह) |
| 24 मार्च | सोमवार | राजनीति शास्त्र |
| 25 मार्च | मंगलवार | गणित |

# नौकरी के 20 साल बाद आंगनबाड़ी सहायिकाओं से मांगा जन्म प्रमाण पत्र

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने मप्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए जन्म प्रमाण पत्र जमा कराने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि जन्म प्रमाण पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में उन्हें बर्खास्त करने की धमकी दी जा रही है। जो सहायिकाओं पिछले 20 साल से नौकरी कर रही है, लेकिन उनके पास उनके जन्म के संबंध में दस्तावेज नहीं होने से वह परेशानी का सामना कर रही है, और उन्हें नौकरी से निकालने का भी डर सताया जा रहा है।

मामले मेंआयोग ने प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आंगनबाड़ी सहायिकाओं के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता के सम्बन्ध में उत्पन्न स्थिति के निवारण के लिए की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।




### दिव्यांगों-बुजुर्गों के लिए बना रैंप बंद

भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेश्न क प्लेटफॉर्म नंबर एक में दिव्ड़यांगों एवं बुजुर्गों के लिये बने रैंप बंद होने का मामला सामने आया है। रैंप बंद होने के कारण दिव्यांगों- बुजुर्गों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक आने के लिये सीढ़ियां चड़नी पड़ रही है। मामले में आयोग ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल से मामले की जांच कराकर की दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की सुविधा के उपयोग की उपलब्धता के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### गोविंदपुरा के अनुविभागीय अधिकारी को थमाया कारण बताओं नोटिस

मप्र मानव अधिकार आयोग ने एक प्रकरण में जवाब नहीं देने और उपस्थित नहीं होने के कारण गोविंदपुरा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार वर्मा को कारण बताओं नोटिस और जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इसके साथ ही आयोग ने 28 अगस्त को आयोग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होने के निर्देश दिए हैं। आयोग में दर्ज प्रकरण के अनुसार आवेदक विजय नाईक को उनके पुत्र शशि नाईक द्वारा नागपुर से बाहर निकालने एवं अकेले भोपाल शहर में रहने पर उसकी देखभाल नहीं करने के संबंध में आयोग में शिकायत की थी। आयोग ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी गोविंदपुरा भोपाल से प्रतिवेदन मांगा था, लेकिन मनोज कुमार वर्मा ने न तो जवाब दिया और न ही उपस्थित हुए।

# आरजीपीवी: नियमितीकरण सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



स्थाईकर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में स्थाईकर्मी और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। पहले दिन कर्मचारी समिति के अध्यक्ष अमर अहिरे सहित कुछ अन्य कर्मचारियों ने भवन में भूख हड़ताल पर बैठे। दोपहर बार धरनास्थल पहुंचे रजिस्ट्रार डॉ. मोहन सेन ने कर्मचारियों से हड़ताल खत्म करने को कहा। उन्होंने मांगों पर विचार के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने की जानकारी दी, पर कर्मचारी समय सीमा तय करने की मांग पर अड़े हुए हैं। मप्र कर्मचारी मंच के बैनर तले की जा रही हड़ताल को लेकर मंच के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने बताया कि आरजीपीवी के दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मी विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पिछले एक माह से 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विवि में सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए विवि के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भूख हड़ताल करनी पड़ रही है।

# अग्निवीर भर्ती: 22 से 30 अगस्त तक रैली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अग्निवीर रैली शहर में 22 से 30 अगस्त तक चलेगी। साढ़े सात हजार युवा इसमें अपनी किस्मत आजमाएंगे। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में रैली का आयोजन होगा। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से बताया गया यहां प्रदेश के 15 जिलों के पुरूष उम्मीदवारो के लिए ड्यूटी निकलेगी। इसमें अग्रिवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, ऑफिस सहायक व ट्रेड्समेन रैली का आयोजन होगा।

## कॉलिंग दर को सस्ता किया जाए : सिंह



**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह ने मोबाइल फोन की कॉलिंग दर को सस्ता किये जाने की मांग की है। सिंह ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज की सबसे बड़ी जरूरत मोबाईल फोन है, यह गांव, हर घर का उपयोगी है। शासकीय निजी दस्तावेजों में मोबाईल नंबर अनिवार्य कर दिया गया है तथा शासन की अधिकांशतः हितग्राही योजनाओं का लाभ मोबाईल नम्बर के माध्यम से दिया जाता है। ऐसे में फोन की कॉलिंग दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिस कारण ग्रामीणजन रिचार्ज की बजाय नया सिम ले लेते हैं, क्योंकि मोबाईल कम्पनियां शुरूआत में तो दो-तीन महीने तक फी ऑफर देते हैं, और फिर रिचार्ज में वसूलते हैं। सिंह ने कहा कि रिचार्ज पूरे महीने का न होकर 28 दिन 24 दिन या उससे भी कम दिनों का होता है।

## स्पेस टेक्नोलॉजी में मप्र ने पहली बार निवेश के लिए बढ़ाया कदम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य की विकास योजनाओं में नवीन तकनीक की सहायता लेने और उपयोग बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश पहली बार स्पेस टेक कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर में मप्र में पहली बार निवेश प्राप्त करने के लिए कदम बढ़ाया है। स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर में काम कर रही कंपनियां उपग्रह चित्रण और डाटा एनालिटिक्स की सेवाएं उपलब्ध कराती है। उपग्रह के माध्यम से वैश्विक निगरानी और डाटा की शुद्धता में सुधार होता है।

**मेट्रो एंकर** भाजपा ने प्रभात झा को किया याद

# ‘प्रभात की तरह सच्चे कार्यकर्ता का निर्माण ही होगी सही श्रृद्धांजलि’

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**





प्रदेश भाजपा कार्यालय में बीती शाम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व सांसद रहे प्रभात झा को याद किया गया। हाल में उनका निधन हुआ है। इस मौके पर संघ व भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल हुए तो मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह संगठन प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद समेत अन्य दलों के नेताओं ने स्व. प्रभात झा को याद किया। संघ के कार्यकारिणी सदस्य रेश सोनी ने कहा कि स्व. प्रभात झा को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी तरह सच्चे कार्यकर्ताओं का निर्माण और संगठन तैयार किए जाएं। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि एक श्रेष्ठ विचारक, कुशल संगठन हमारे बीच नहीं रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व. प्रभात झा कुशल संगठक थे, घर जाकर मंडल के कार्यकर्ताओं से मिलते थे, यह संगठन निर्माण की अद्भुत कौशल शक्ति थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि एक कुशल संगठक कैसा होना चाहिए, प्रभात झा से सीखा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व. प्रभात झा ने देश, समाज और विचार के लिए अपना जीवन जिया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि स्व. प्रभातजी ने लोकसभा चुनाव में मुझे अभिभावक की तरह मध्यप्रदेश के संबंध में बताया था। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ताओं को कैसे कार्य करना चाहिए, यह झा जीवन से सीखना चाहिए। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कभी कल्पना नहीं कि थी प्रभातजी इतनी जल्दी हम सबको छोडकर चले जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा स्व. प्रभात के जो दिल में होता था, वही उनके स्वर में होता था। कार्यक्रम में समाजवादी नेता रघु ठाकुर व कांग्रेस मीडिया प्रमुख मुकेश नायक ने भी विचार व्यक्त किए।




## संपादकीय

# सत्ता के लिए बाजीगरी नहीं समझदारी जरूरी

पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में सियासी उथलपुथल और एक प्रधानमंत्री का देश छोड़कर भागने वाला घटनाक्रम हमारे आसपास के सभी मुल्कों में अशांति,गहरी अहसमति और कई किस्म की आशंकाओं की कहानी कह रहे हैं। जहां तक बांग्लादेश की बात है तो पिछले कुछ समय से छात्र आंदोलन के दौरान सरकार के रुख और सुरक्षा बलों की कार्रवाई में सैंकडों लोग मारे गए। उभरे जनआक्रोश को देखते हुए इसकी आशंका पहले से बन रही थी कि वहां अब कुछ भी हो सकता है। सच यह है कि शुरूआत में पुलिस और सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाइयों की वजह से ही प्रदर्शनकारियों के भीतर गुस्सा भड़क गया था बाद में सेना के रूख के चलते भी हालात बिगडे और आंदोलनकारी बेकाबून हो गये। प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर भागना पडा और भारत में उन्हें शरण मिली। बाद में भीड़ ने प्रधानमंत्री आवास तक पर कब्जा कर लिया और सेना को हालात संभालने व अंतरिम सरकार बनाने का आश्वासन देना प?ा। हिंसा और अराजकता किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, मगर शेख हसीना सरकार के रवैये से साफ था कि जनता के बीच बढ़ते असंतोष से निपटने को लेकर उसमें दूरदर्शिता नहीं थी और लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे थे, जो सरकारी तानाशाही के सूचक थे। ऐसे में जन आक्रोश के कारण समझे जा सकते हैं। आरक्षण के मसले पर उभरे छात्र आंदोलन को बांग्लादेश के मौजूदा हालात का एक तात्कालिक कारण जरूर माना जा सकता है, मगर इसकी पृष्ठभूमि लंबे समय से बन रही थी। शेख हसीना 09 से लगातार सत्ता में कायम थी और पिछला चुनाव उन्होंने विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच जीता था। इसके अलावा, उन पर सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग और सत्ता की ताकत से विरोध का दमन करने और विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्या कराने तक के आरोप लगते रहे हैं। उनकी प्रबल प्रतिद्ंदी व पूर्व पीएम खालिदा जिया तो जेल में थीं। जाहिर है, लोकतंत्र के खिलाफ उनकी सरकार के रुख पर आम जनता के बीच फैले आक्रोश की ठोस वजहें रहीं। मगर प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने और प्रधानमंत्री आवास तक पर धावा बोलने की घटना दक्षिण एशिया में सत्ता के खिलाफ आम लोगों के अराजक हो जाने की बढ़ती प्रवृत्ति को ही दर्शाता है। इससे पहले श्रीलंका में सरकार की मनमानी और दमन के विरुद्ध लोगों ने राष्ट्रपति भवन पर भी हमला कर दिया था। अफगानिस्तान में भी ऐसा ही हुआ था। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है, लेकिन सवाल है कि जनहित के सवालों की अनदेखी की सीमा क्या हो, जहां आम लोगों का सब्र न टूटे? फिलहाल शेख हसीना भारत में ठहरी हुई हैं वे पहले भी राजनीतिक उथलपुथल के वक्त लंबे समय यहां ठहर चुकी हैं। उनकी अगली मंजिल क्या होगी यह गौरतलब है क्योंकि बांग्लादेश के दरवाजे तो फिलहाल उनके लिये बंद नजर आ रहे हैं। बावजूद सैनिक शासन कभी लोकतंत्र का विकल्प नहीं हो सकता,जैसा पाकिस्तान या बांग्लादेश की फौज की आदतों में शुमार हैं। लेकिन बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार ने विकास को जो आंकडे पेश किये, वे लोगों को चमत्कृत तो करते थे लेकिन यह भी अब जाहिर होने लगा है कि वह आंकडों की बाजीगरी ही थी, जो यह बताती थी कि वहां की जीडीपी सबसे तेजी से बढ रही है और बेरोजगार दर महज तीन फीसद है। साफ बात तो यह है कि सरकारी आंकडों और चमकते दावों के बाद भी जनता तक यदि वास्तविक लाभ नहीं पहुंचता और महंगाई, बेरोजगारी,आर्थिक तंगी जैसे हालात नहीं सुधरते हैं तो नतीजा वहीं होता है जो बांग्लादेश में सामने आया।

## बांग्लादेश अब कट्टरपंथियों के हवाले

# दक्षिण एशिया में बढ़ती चीनी भूमिका

# भारत व पश्चिम को मिलकर निपटना होगा

■ महेंद्र वेद

इसी महीने 15 अगस्त को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान और उनके बीस करीबी रिश्तेदारों की हत्या की 49वीं वर्षगांठ है। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग ने उस दिन 'राष्ट्रीय शोक दिवस' मनाना तय किया था। लेकिन बाद में 'सूचित' किया गया कि वह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। ढाका में अचानक हुए सियासी बदलाव को बताने के लिए इससे ज्यादा मार्मिक और कुछ नहीं हो सकता।हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश के संस्थापक मुजीब की बेटी शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाना, 1971 में मुक्ति युद्ध से जन्मे बांग्लादेश और पूरी दुनिया के लिए सबसे नया सियासी घटनाक्रम है। 53 वर्ष पहले मुजीब के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना के खिलाफ जो आंदोलन शुरू हुआ था, उसकी परिणति एक और सैन्य तख्तापलट के रूप में हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा उस सैन्य जनरल ने किया है, जो शेख हसीना का दूर का रिश्तेदार है, और जिस पर वह भरोसा करती थीं। 15 वर्षों तक सैन्य शासन के बाद, जिसे शेख हसीना ने आर्थिक प्रगति और राजनीतिक स्थिरता से रोका था, बांग्लादेश अब फिर सेना के अधीन है।



पिछले सैन्य तख्तापलट की तरह सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने अंतरिम सरकार का वादा किया है, लेकिन इस बात का जिक्र नहीं किया है कि इसमें उनकी या सेना की कोई भूमिका होगी या नहीं। मगर इसमें जरा भी संदेह नहीं होना चाहिए कि फैसले कौन लेगा। उन्होंने न्याय का भी वादा किया है। सबसे पहले रिहा होने वालों में शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेगम खालिदा जिया भी हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी ठहराया गया है। पिछली सदी के अंत में खालिदा जिया और उनके इस्लामी सहयोगी पश्चिमी लोकतंत्रों के लिए भी चिंता का कारण बन गए थे, जब बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। ये ताकतें भारत विरोधी हैं। बांग्लादेश में जो हुआ है, वह भारत के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। क्या बांग्लादेश फिर से आतंकवादियों का प्रमुख केंद्र बन जाएगा? शेख हसीना ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को सुरक्षित बनाने में भारी योगदान दिया।

बांग्लादेश की धरती से संचालित होने वाले आतंकी शिविरों को उखाड़ फेंका गया। भारत को अब फिर से बांग्लादेश द्वारा कबायली चरमपंथ को बढ़ावा दिए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अब नगा, उल्फा एवं अन्य चरमपंथी गुटों के साथ केंद्र सरकार के शांति समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि ढाका के उथल-पुथल में खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अलावा सामाजिक रूप से ताकतवर इस्लामी संगठनों के साथ पाकिस्तान-समर्थक जमात-ए-इस्लामी की संलिप्तता है, जिसे हसीना प्रतिबंधित करना चाहती थीं, लेकिन नहीं कर पाईं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कबायली आबादी के अलावा बढ़ते व्यवसायी वर्ग एवं मदरसों के माध्यम से इस उथल-पुथल को हवा दी। पाकिस्तान में मुजीब युग के अंत पर खुशियां मनाई जा रही हैं। भारत पर अपने पूर्व और पूर्वोत्तर सीमा पर निगरानी बढ़ाने का दबाव कई गुना बढ़ गया है।

भारत को कूटनीतिक विवादों को जन्म दिए बिना हसीना शासन के दौरान दी गई सभी आर्थिक मदद, व्यापार रियायतों और परियोजनाओं को संशोधित करना होगा। पाकिस्तान की तरह चीन भी ढाका में हुए बदलाव पर खुश है। बीजिंग इस बात से नाराज था कि हसीना ने भारत से ऐसी परियोजनाएं हासिल कीं, जिन्हें वह दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव फैलाने के लिए चाहता है। रिपोर्ट बताती हैं कि हसीना को चीनी नेतृत्व ने तवज्जो नहीं दिया था। आर्थिक रिश्तों और सीमा प्रबंधन के अलावा, जो किसी भी दो पड़ोसी देशों के लिए ज्यादा मायने रखता है, भारत को गंगा जल संधि पर कूटनीतिक विवाद के लिए तैयार रहना होगा, जिसका नवीनीकरण होना है। अतीत में खालिदा जिया सरकार ने 1990 के दशक में इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट महासभा में उठाया था। एक अन्य विवादास्पद मुद्दा तीस्ता जल बंटवारे और उसके बेसिन के विकास का है, जो उत्तर बंगाल में 23 किलोमीटर लंबे संकरे %चिकेन नेक% के पास है।

भारत ने हसीना सरकार को आश्वस्त किया था कि वह चीन को इससे दूर रखेगा, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस समझौते का विरोध किया। ढाका की नई सरकार अब चीन को इसमें शामिल कर सकती है, जो धन और प्रौद्योगिकी में निवेश करने के लिए तैयार है। इससे भारत के क्षेत्रीय और नदी संबंधी हित खतरे में पड़ सकते हैं। इस्लामी और कबायली चरमपंथियों के अलावा, भारत को बांग्लादेश के हिंदू एवं बौद्ध अल्पसंख्यकों के लिए भी चिंता करनी होगी, जिनके ऊपर वहां अक्सर हमले होते रहते हैं। बांग्लादेश अब भारत को रेडिमेड गारमेंट्स जैसे क्षेत्रों में विरोधी के रूप में देखेगा, जहां दोनों विश्व बाजार में एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी हैं। बांग्लादेश के साथ भारत 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जो किसी भी पड़ोसी देश की तुलना में सबसे लंबी सीमा है। इन सीमा रेखाओं से पशुओं, मनुष्यों और नशीले पदार्थ की तस्करी रिश्तों को खराब कर सकती हैं, जिसे अब तक दोनों पक्षों ने कम महत्व दिया था। बांग्लादेश अब गरीब नहीं, बल्कि अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक स्थिति वाला मुल्क है और अब वह भारत के लिए चुनौती पेश कर सकता है। विश्व समुदाय छोटे से बांग्लादेश के साथ सहानुभूति रख सकता है। कूटनीतिक, आर्थिक और यहां तक कि लोगों के बीच आपसी संबंधों का एक नया युग शुरू होने वाला है। हसीना के नेतृत्व में भारत ने 'पड़ोसी पहले' की अपनी नीति के तहत बांग्लादेश को दोस्ताना पड़ोसी बताया था। कूटनीतिक व सुरक्षा कारणों से भारत न तो अपने छोटे पड़ोसियों से लड़ सकता है और न ही उनकी अनदेखी कर सकता है। बांग्लादेश उन दक्षिण एशियाई देशों में शामिल हो गया है, जो लगातार सत्ता परिवर्तन से गुजरते हैं, जैसे नेपाल, अशांत श्रीलंका और मालदीव, जहां सत्ता में परिवर्तन को इस आधार पर देखा जाता है कि कौन भारत समर्थक है और कौन चीन समर्थक। बांग्लादेश तख्तापलट इस क्षेत्र की भू-राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारत की तरह पश्चिम को भी दक्षिण एशिया में बढ़ती चीनी भूमिका से निपटना होगा, क्योंकि चीन को 'रोकने' के लिए अमेरिका दक्षिण एशिया को एक 'धुरी' बनाना चाहता है।

**– साभार**

## जेनेटिक सरसों का मामला

# जीएम फसलों की मंजूरी को बने राष्ट्रीय नीति

■ पंकज चतुर्वेदी

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जेनेटेकली मोडिइड यानी जीएम सरसों की भारत में व्यावसायिक खेती करने की सरकारी मंजूरी के खिलाफ याचिका पर खंडित फैसला दिया। जहां न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना का आकलन था कि जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति यानी जीईएसी की 18 और 25 अक्तूबर, 2022 को सम्पन्न जिस बैठक में इसकी मंजूरी दी गई, वह दोषपूर्ण थी क्योंकि उसमें स्वास्थ्य विभाग का कोई सदस्य नहीं था और कुल आठ सदस्य अनुपस्थित थे। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति संजय करोल का मानना था कि जीईएसी के फैसले में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने जीएम सरसों फसल को सख्त सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए पर्यावरण में छोड़ने की बात जरूर की। हालांकि, दोनों न्यायाधीश इस बात पर एकमत थे कि केंद्र सरकार को जीएम फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करनी चाहिए। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष जाएगा।

वैसे जीईएसी आनुवंशिक रूप से संवर्धित फसलों के लिए देश की नियामक संस्था है। लेकिन दो जजों की पीठ ने निर्देश दिया कि चार माह के भीतर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय जीएम फसल के सभी पक्षों के परामर्श से जीएम फसलों पर राष्ट्रीय नीति तैयार करे जिनमें कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविदों, राज्य सरकारों और किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारक शामिल हों। किसी से छुपा नहीं कि भारत में खाद्य तेल की जबरदस्त मांग है। साल 2021-22 में 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद भारत को 141.93 लाख टन का आयात करना पड़ा। अनुमान है, अगले साल 2025 -26 में यह मांग 34 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। हमारे खाद्य तेल के बाजार में सरसों तेल की भागीदारी 40 फीसदी है। दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी, जिससे तेल आयात खर्च कम होगा।



हालांकि यह सोचने की बात है कि 1995 तक देश में खाद्य तेल की कमी नहीं थी। फिर बड़ी कंपनियां इस बाजार में आई। आयात कर कम किया गया और तेल का स्थानीय बाजार बैठ गया।दावा यह भी है कि इस तरह के बीज से पारंपरिक किस्मों की तुलना में कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है और मुनाफा अधिक। लेकिन जीएम फसलों, खासकर कपास को लेकर हमारे अनुभव बताते हैं कि ऐसे बीजों के दूरगामी परिणाम खेती और पर्यावरण के लिए भयावह हैं। समझना होगा कि जीएम फसलों को उत्पाद के मूल जीन को कृत्रिम रूप से संशोधित किया जाता है। आमतौर पर किसी अन्य जीव से आनुवंशिक सामग्री डाली जाती है जिससे उन्हें नए गुण दिए जा सकें जैसे अधिक उपज व पोषक तत्व, कम खरपतवार, कम रोग, कम पानी हो सकते हैं। भारत में धारा सरसों हाइब्रिड-11 ( डीएमएच-11 ) को देशी सरसों किस्म 'वरुणा' और यूरोपीय किस्म 'अर्ली हीरा-2' के संकरण से विकसित किया गया है। इसमें दो विदेशी जीन 'बार्नेज' और 'बार्स्टार' शामिल हैं, जिन्हें बैसिलस एमाइलोलिके फैसिएन्स नामक मृदा जीवाणु से पृथक किया गया है। दावा है कि इस बीज से उपज को 3-3.5 टन प्रति हेक्टेयर तक बड़ाया जा सकता है। हमारे देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास के बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पड़ा। फसल ज्यादा नहीं, लेकिन हर साल बीज खरीदना मजबूरी हो गई। विकसित देशों में भी ऐसे बीजों से उर्वर क्षमता व पौष्टिक तत्व कम हुए हैं। बीटी कॉटन बीज बनाने वाली कंपनी मोनसेंटो ने 1996 में अपने देश अमेरिका में बोलगार्ड बीजों का इस्तेमाल शुरू करवाया था। इसके नतीजे निराशाजनक रहे। दुनियाभर में कहीं भी बीटी फसल को खाद्य पदार्थ के रूप में मंजूरी नहीं मिली है। अमेरिका में मक्का और सोयाबीन के बीटी बीज कुछ खेतों में बोए जाते हैं, लेकिन इस उत्पाद को इंसान के खाने के रूप में इस्तेमाल पर पाबंदी है। यूरोप में भी इस पर सख्त पाबंदी है। ऐसे में भारत में सरसों तेल के लिए बीटी पर मंजूरी शक पैदा करती है। जीएम बीजों से उत्पन्न सरसों के फूल मधुमक्खियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। इस तरह के बीजों से उत्पन्न सरसों के फूलों में मधुमक्खियों को परागण तो मिलेगा नहीं, उलटे कुछ जानलेवा कीटों की वे शिकार हो जाएंगी। इससे उनके खत्म होने की आशंका है। वहीं जीएम बीज हमारे पारंपरिक बीजों के अस्तित्व के लिए खतरा है और अब बदले हुए नाम से इन्हें बैंगन-टमाटर आदि के लिए पिछले रास्ते से घुसाया जा रहा है। बता दें कि केंद्र सरकार कोई दो साल पहले जीनोम एडिटेड टेक्नोलॉजी का उपयोग कर नई फसल प्रजातियां विकसित करने के शोध को मंजूरी दे चुकी है। चालाकी से जेनेटिकली मोडिफाइड के नाम पर जीन एडिटिंग तकनीक शब्द का इस्तेमाल किया गया। वैसे यूरोपीय यूनियन में अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि जीन एडिटिंग तकनीकी और जीएम फसल अलग नहीं। जाहिर है, अदालतें जब जीएम बीजों पर कोई फैसला देंगी तो जीनोम एडिटेड प्लांट्स के नाम से ये बीज बाजार में बिक रहे होंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गठित होने वाली कमेटी में इस नई तकनीक को यूरोपियन यूनियन की तरह जीएम ही मानना होगा।

**– साभार**

यदि आप इस बात पर रोते हैं कि आपके जीवन से सूर्य चला गया है, तो आपके आँसू आपको सितारों को देखने से रोक देंगे।

- रबीन्द्रनाथ टैगोर

## निशाना

### ले के रहेंगे जोखिम !



कर रहे प्रयोग फिर ।
पाना नया मुकाम ।।
आ रहीं हैं कब से ।
अड़चनें तमाम ।।
करना अलग हट कर ।
चलना अलग राह ।।
हो रहा ना वह कुछ ।
जिसकी हमको चाह ।।
बुन रहे हम सपने ।
है कुछ कर दिखाना ।।
ठान लिया इस बार ।
देखेगा ज़माना ।।
ले के रहेंगे जोखिम ।
करना है सुधार ।।
बार बार ये हमको ।
हार नहीं स्वीकार ।।

**- कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1945 अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराए।
- 1945 परमाणु बम लिटिल बॉय हिरोशिमा पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गिराया गया है। यह अब तक का सबसे शक्तिशाली बम है, जिसके कारण लगभग 140,000 लोग मारे गए
- 1945 द्वितीय विश्व युद्ध-अमेरिकी सेना के वायु सेना के बमवर्षक एनोला गे ने जापान के हिरोशिमा पर लिटिल बॉय नाम का एक परमाणु बम गिराया, जिसमें 140,000 से अधिक लोग मारे गए।
- 1951 कोरियाई सेना पश्चिमी कोरिया में चार दिनों तक सीधे अपने सहयोगियों के साथ लड़ी। अमेरिकी आठवीं सेना ने भोर में दुश्मन का सामना किया और कोरियाई बलों ने जवाबी हमले के साथ जवाब दिया।
- 1955 फ़्रांस के दक्षिणी और अंटार्कटिक क्षेत्र को एक विदेशी क्षेत्र के रूप में बनाया गया।
- 1956 डुमोंट, दुनिया के पहले टेलीविज़न नेटवर्क में से एक है, जिसने इसके कार्यक्रम को प्रसारित किया।
- 1960 क्यूबा ने देश के सभी संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण किया।
- 1962 जमैका में यूनाइटेड किंगडम का साम्राज्य समाप्त हुआ व उसे स्वतंत्रता मिली
- 1962 जमैका ने यूनाइटेड किंगडम से पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त की, अंग्रेजी के 300 वर्षों के बाद मोरीथन ने स्पेनिश उपनिवेशवादियों से इसे1655 पर कब्जा किया
- 1964 अमेरिका के नेवादा इलाके में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमीथियस को रिसर्च के लिए काटा गया।
- 1964 अमेरिकी शोधकर्ता डोनाल्ड करी ने प्रोमेथियस को काटकर ब्रिसलकोन पाइन ट्राइकाउन किया था, केवल यह पता लगाने के लिए कि यह सबसे पुराना ज्ञात क्लोनल जीव था, जिसकी खोज कम से कम 4,862 साल पुरानी थी।
- 1966 शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान अबूधाबी के अमीर और शासक बन गए, अपने भाई, शेख शाहबुत बिन सुल्तान अल नाहयान को, जो एक रक्तहीन तख्तापलट में दर्शाया गया था, सफल हुए।

### कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# आवेदनों का तुरन्त निराकरण करने के निर्देश, 85 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार 06 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आम जन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आते हैं। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए। साथ नर्मदापुरम जिले की तीनो तहसीलों में भी तहसील स्तरीय जनसुनवाई भी आयोजित की गई। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 20, डोलरिया में 03, माखन नगर में 02 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया।





कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नर्मदापुरम के ग्राम पथौडी निवासी श्रीमती शांति बाई चौरे ने कलेक्टर सोनिया मीना को बताया कि उनके पति स्व. छोटे लाल चौरे को स्वर्गवास हो गया था फौती नामांतरण उनके पति का नाम था, उन्होंने फौती नामांतरण में संशोधन करके अपना नाम शांति बाई का नाम दर्ज करने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। इसी तरह से पुरानी इटारसी निवासी अशोक कुमार यादव ने पालन पोषण हेतु डीजल ऑटो प्राप्त करने के लिए आवेदन देने पहुंचे। जनसुनवाई में नर्मदापुरम की मंजु केवट ने बताया कि वे गरीबी रेखा का राशन कार्ड के लिए पात्र है, मंजु ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह नर्मदापुरम के द्वारका प्रसाद केवट ने बताया वे शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय में 10 वर्षो से जनभागीदारी कर्मचारी है, वे वेतन कटौती करने के संबंध में आवेदन देने पहुंचे। इसी तरह नर्मदापुरम के चौकीपुरा पंचायत तहसील इटारसी के छन्नु धुर्वे ने अपनी दो पुत्री क्षमा और साधना का जन्म प्रमाण पत्र में नाम सुधरवाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह नर्मदापुरम निवासी दिनेश घुटकार ने बताया मेरे पुत्र का नर्मदा नदी में डूबने से मृत्यु हुई उन्होने आर्थिक मदद के लिए आवदेन दिया। नर्मदापुरम के मालाखेडी निवासी श्रीमती गौरीबाई केवट ने कलेक्टर को बताया कि मैं विधवा गरीब महिला हूं, मेरा एक नाबालिक बच्चा है मै एक चाय का ठेला लगाती हूं, गौरीबाई ने आर्थिक मदद/सहायता के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। इसी तरह से अनेक लोगों ने जनसुनवाई में अपने आवेदन देकर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अद्यतन अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए।

### आज भी स्कूल जाने के लिए नदी को पार करना पड़ता है



सिवनी मालवा के ग्राम नंदरवाड़ा के अंतर्गत आने वाले टोला ग्राम सांटामयू मैं रास्ता नहीं होने से आ रही समस्याओं से ग्रामीण काफी परेशान है। पिछले दिनों अंतिम संस्कार के लिए शव को नदी नालों से ले जाने वाला मामले की जिला कलेक्टर सोनिया मीणा की जनसुनवाई में पहुंच कर ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत की। आप को बता दें कि बीते दिनों रास्ता नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए गांव के बुजुर्ग आदमी को श्मशान घाट तक नदी नालों से ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। आमजन से जुड़ी इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत सरपंच उमाशंकर कुशवाहा के साथ ग्राम के दर्जनो लोगों ने जिला मुख्यालय पर कलेक्टर को मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई मे ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने ग्राम पंचायत में रास्ता नहीं होने की समस्या के समाधान के लिए आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में गांव में किसी की मृत्यु हो जाने पर उनके अंतिम संस्कार के लिए स्थानीय मुक्तिधाम में ले जाने के लिए नदी नालों में गहरे पानी से गुजर कर मुक्तिधाम तक ले जाना पड़ता है। वहीं गर्भवती महिलाओं को खटिया और चारपाई पर उठाकर अस्पताल और एंबुलेंस तक ले जाया जाता है। यहां तक की स्कूली छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों को आने-जाने में सबसे ज्यादा समस्याओं का सामना करके नाला पार करना पड़ता है। ग्राम पंचायत सरपच ने बताया कि कई बार इस बात की शिकायत विधायक से की यहां तक के ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव का भी बहिष्कार करा लेकिन जनप्रतिनिधियों के मान मनोबल के कारण ग्रामीण मान गए लेकिन आज भी नंदरबाडा ग्राम के सांटामऊ टोला क्षेत्र के ग्रामीण आज भी बदहाली का जीवन जी रहे हैं।

## मूक बधिर बच्चों के लिए समाजसेवी संस्था करेगी आर्थिक सहयोग



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

समाज में जो मूक बधिर बच्चे एक संस्था के माध्यम से शिक्षित होकर समाज के लिए प्रेरणादायी साबित हो रहे हैं. ऐसे बच्चों के विकास के लिए समाजसेवी वर्ग को आगे आना चाहिए. कुछ ऐसी ही विचारधारा को लेकर मंगलवार को समाजसेवी संस्था सामाजिक समरसता राष्ट्रीय विचार मंच के सदस्यों ने मूक बधिर बच्चों की सेवा का अनूठा और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

संस्था के उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल फाजली के जन्मदिन के अवसर पर संस्था के सदस्य मीनाक्षी चौक के पास स्थित भविष्य निश्शक्त विशेष विद्यालय के मूक बधिर बच्चों के बीच उपस्थित हुए और बच्चों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा की। इस उपलक्ष्य में लायंस क्लब के डॉक्टर नेमा महेश शर्मा मोहम्मद अकरम खान एवं अरुण दीक्षित ने अपने उद्धार व्यक्त करते हुए मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बच्चों के संरक्षण के विषय में चर्चा की. संस्था की संरक्षक मैडम खान ने संस्था की उपलब्धि एवं कार्य विधि के संबंध में संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा गणेश जी के प्रतिमा बनाई जाती है जिसे हम बाजार में बेचने का मूल्य नहीं रखते। श्रद्धालु जो जो धनराशि देना चाहे वे देते हैं. ललित यादव द्वारा रखे गए प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक सदस्य के जन्मदिन पर 500 एकत्र कर मूक बधिर बच्चों की संस्था को दिए जाएं. इस प्रस्ताव का सभी सदस्यों ने समर्थन किया. कार्यक्रम में अशोक दीबोलिया केके शर्मा के एन त्रिपाठी हेमंत शर्मा ललित यादव रमेश गोप्लानी ओम प्रकाश मालवीय लखन रघुवंशी लल्ला सोनी जय बाला निगम सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध वेंडरी के आगे आरपीएफ नाकाम

## अभी भी ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर चल रहे अवैध वेंडर

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

एक दिन पूर्व ही दोपहर मेट्रो अखबार की टीम ने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में हो रही अवैध वेंडरी और अवैध बसूली की खबर प्रकाशित की थी, लेकिन खबर प्रकाशित होने के वावजूद भी अभी भी ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरी और ट्रेन में अवैध बसूली का खेल चल रहा है, इससे यह साबित होता है कि इन अवैध काम करने वालों के आगे आरपीएफ व जीआरपी दोनों नाकाम है। हम ऐसा इसलिए कह रहे क्योंकि अभी भी सब काम अंकगणित के सौदे पर चल रहा है, अब देखना यह होगा कि आरपीएफ के आला अधिकारियो की नजर कब इन पर पड़ेगी। पूर्व रेल आईजी ने सख्ती दिखाते हुए सब कार्यों पर लगाम लगाई थी, लेकिन ज़ब से अधिकारी बदले है स्थानीय चौकी के हेड साहब ने फिर सब काम शुरू करा दिए है। सूत्रों से खबर है कि राजेश नामक युवक सब मेंटेनस बनाता है, जिसके चलते ये अवैध वेंडर बेधडक होकर अपना धंधा करते है। सूत्रों से यह भी जानकारी आई है कि रेलवे स्टेशन पर रेलवे कि फीस देकर स्टॉल संचालित करने वाले स्टॉल संचालको ने एक लिखित पत्र के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो को इन अवैध वेंडरो को बंद कराने कि शिकायत भी करी है, क्योंकि इन अवैध वेंडरो के कारण उनके धंधे पर असर पड़ता है।





## कमिश्नर ने किया इटारसी तहसील का निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संभागायुक्त केजी तिवारी ने मंगलवार को इटारसी की तहसीलदार सुनीता साहानी के न्यायालय का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने राजस्व महा अभियान 2.0 के अंतर्गत सीमांकन, नामातरण, अभिलेख दुरुस्तीकरण, नक्शा तरमीम, ई-केवाईसी फौती नामांतरण के प्रकरणों पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होने तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे प्राप्त राजस्व प्रकरणों में हेयरिंग की तारीख देकर जल्द से जल्द सुनवाई कर समस्त राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने पाया कि कई प्रकरण तहसीलदार के रीडर की आई डी में है और निराकरण से वंचित है। बताया गया कि कई रीडर कम्प्यूटर चलाने में दक्ष नहीं है तो कई नए होने के चलते प्रकरणों के निराकरण में अनभिज्ञ है। यही हाल पटवारियों का भी है।



संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी रीडर एवं पटवारी कम्प्यूटर सीखने में दक्षता हासिल करें। संभागायुक्त ने कहा कि रीडर एवं पटवारी कम्प्यूटर चलाने में कुशल होंगे तो अपनी आई डी पर आए राजस्व प्रकरणों को देख सकेंगे। संभागायुक्त ने कहा कि जैसे ही रीडर की आईडी राजस्व प्रकरण अपलोड होते है वैसे ही रिकार्ड ढुंढवाकर ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि तहसीलदार किसी प्रकरण में यदि आदेश पारित करते है तो उसको ऑनलाईन किया जाए। उन्होने कहा कि सभी प्रकरणों को ऑफलाईन से ऑनलाईन किया जाए। बताया गया कि नक्शा तरमीम में इटारसी तहसील में उत्कृष्ट कार्य हुआ है। एसडीएम प्रतीक राव ने बताया कि ई-केवायसी के लीकेज के लिए वार्डो में मुनादी कराई गई है।

## तीन नए कानून को लेकर सभी संभागीय अधिकारियों की कार्यशाला संपन्न

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जुलाई 2024 से अस्तित्व में आए तीन नए कानून की जानकारी सभी संभागीय अधिकारियों को होनी चाहिए, अधिकारियों को जितनी अच्छी कानून की जानकारी होगी उन्हे कार्य करने में उतनी ही आसानी होगी। उक्त उद्देश्य को लेकर नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री के.जी. तिवारी के निर्देशानुसार मंगलवार को तीन नए कानून को लेकर संभागीय अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी विभाग के संभागीय अधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यशाला में डीपीओ राजकुमार नेमा एवं असिस्टेंट डीपीओ दिनेश कुमार यादव ने सरल भाषा में तीन नए कानून की व्याख्या की, श्री नेमा ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में त्वरित न्याय, आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान, अनुसंधान में पारदर्शिता, पीड़ित केंद्रित को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के रूप में एक नवीन कानून पारित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्होंने जमानत, गिरफ्तार व्यक्ति की शिनाख्त, समन का प्रारूप, अभियुक्त की चिकित्सा, समन की तामिली, तलाशी जप्ती की वीडियो रिकॉर्डिंग, अपराध द्वारा प्राप्त संपत्ति के संबंध में कार्रवाई आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। श्री नेमा ने बताया कि नए कानून में जीरो एफआईआर एवं ई एफआईआर पर प्रारंभिक जांच का प्रावधान किया गया है । कार्यशाला में श्री नेमा ने संज्ञेय मामलों का अन्वेषण, अन्वेषण की प्रक्रिया पुलिस द्वारा साक्षी का कथन, पुलिस द्वारा साक्षी का कथन लेने के लिए सूचना देना, मजिस्ट्रेट द्वारा सस्वीकृति और कथन अभी लिखित करना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। श्री नेमा ने सेक्शन 95 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब नए कानून के अनुसार किसी बच्चे को भाड़े पर लेकर अपराध कराया गया तो संबंधित व्यक्ति को 3 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है । समूह द्वारा हत्या या माव लिंचिंग करने पर मृत्यु दंड का प्रावधान है, यदि कोई व्यक्ति भारत सरकार को धमकी देता है तो उसे आतंकवादी कृत्य की श्रेणी में रखा गया है।



## अग्रवाल महिला मंडल ने किया हनुमान धाम मंदिर में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

अग्रवाल समाज महिला मंडल इटारसी द्वारा शहर के प्रसिध्द हनुमान धाम मंदिर में हरियाली तीज के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के समापन के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन भी किया गया,अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना संतोष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की हरियाली तीज उत्सव का यह अनूठा आयोजन अग्रवाल महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्यों की प्रेरणा से संपन्न हुआ, जिसमें समाज की सभी महिलाएं और पुरुष इसमें शामिल हुए सावन की हरियाली तीज को समाज बड़े उल्लास के साथ मनाया है। जिसमे झूला सजाया गया महिलाओं ने झूला झूल कर तीज उत्सव को मनाया भंडारी प्रसादी में करीबन 400 सामाजिक बंधुओं ने इस प्रसादी का लाभ उठाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती अर्चना संतोष अग्रवाल का जन्मदिन हनुमान के दरबार में हर्षोल्लाह से मनाया गया, मंडल में सभी सदस्य उपस्थित थे सचिन मीना अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य श्रीमती कावेरी अग्रवाल,श्रीमती गीता अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा संतुलाल, श्रीमती चंदा पूनमचंद,श्रीमती सरोज कृष्ण मुरारी, श्रीमती शोभा उमेश चंद्र, श्रीमती सावित्री शिव कुमार, श्रीमती विनीता कैलाश सिंह, श्रीमती रितु राजेंद्र, श्रीमती ज्योति गोविंद प्रसाद सभी महिलाओं का तन मन धन से सहयोग प्राप्त हुआ।

**मेट्रो एंकर**

### वार्ड पार्षद ने जिला प्रशासन से की नाले पर बन रही दुकानों की जांच की मांग

# कई लोगों के घरों को डूबने से बचाने को लेकर कलेक्टर से लगाई गुहार

**एसडीएम और सीएमओ नहीं कर रहे कार्रवाई**

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर में राम जानकी मंदिर ट्रस्ट द्वारा नए बस स्टैंड के पास नाले की जगह पर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। नाले पर दुकान बनने से वार्ड 14 गोटिया पुरा सहित एसबीआई कॉलोनी के हजारों घरों को डूबने का खतरा बढ़ गया है। नाले की जगह पर दुकान बनने से जल भराव होगा जिसका खामियाजा वार्ड वासी को भुगतना पड़ेगा । खास तौर से बारिश में काफी परेशानी होगी। इस मामले को लेकर पार्षद ने एसडीएम और सीएमओ को भी शिकायत की थी, लेकिन कोई हल नहीं निकला और निर्माण कार्य जारी रहा। नियमानुसार नदी नालों से 30 मीटर दूर तक निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए लेकिन मिली भगत के चलते दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। पार्षद दीपक वाथव का कहना है कि इस निर्माण में नगर पालिका की शर्तों का भी उल्लंघन हुआ है। उन्होंने इस मामले को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और टीम बनाकर जांच करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने ट्रस्ट के लेखा-जोखा की जांच की भी मांग की है। उन्होंने बताया की नक्शे के विपरीत बनाई जा रही दुकानें जिन दुकानों का निर्माण किया जा रहा है उनका नक्शा नगर पालिका में दिया गया था। नक्शे के विपरीत दुकान बनाई गई हैं। इसके बाद भी जांच नहीं हुई।





### राजस्व टीम बनाकर जांच करने की मांग

ज्ञात हो कि सिवनी मालवा के राम जानकी राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दुकानें बनाई जा रही हैं। वार्ड पार्षद द्वारा एसडीएम को शिकायत की गई थी। वही मंगलवार दोपहर वार्ड वासियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब नाजिर को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पार्षद का कहना है कि स्टेट बैंक कॉलोनी सहित अन्य जगहों के निकासी का पानी निकलता है। वहीं बाढ़ आने की स्थिति में गोटियापुरा वार्ड क्रमांक 14 में जल भराव की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके पहले भी शिकायत हो चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय प्रशासन ने भी कोई कार्रवाई नहीं की है। पार्षद का कहना है की हमारी मांग है की जनहित में निर्णय लेते हुए जिले की टीम से उक्त निर्माण कार्य की जांच कराई जाए। साथ ही ट्रस्ट के लेखा जोखा की भी जांच की जाए। यदि इन दुकानों का निर्माण को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में कई क्षेत्र डूब में आ जाएंगे और लोगों को घरों में पानी भरेगा खास तौर से बरसात में जल निकासी नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना होगा। पार्षद ने ज्ञापन की कॉपी राजस्व मंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री को भी सौंपी है।

**तत्कालीन कलेक्टर ने रुकवाया था निर्माण कार्य को:** बस स्टैंड के पास नाले के ऊपर निर्माण कार्य की शिकायत तत्कालीन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह को मिली थी।

## अपर कलेक्टर ने किया तहसील व एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण

सिरोंज। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत संपादित हो रहे कार्यो का शमशाबाद तहसील में पहुंचकर जायजा लिया है। यहां उन्होंने तहसील व एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यो के संपादन प्रक्रियाओं का तथा संधारित रिकार्ड व नस्तियों तथा पंजियों में दर्ज किए गए रिकार्ड तथा जिन प्रकरणो में निराकरण किया गया है अर्थात आदेश जारी किए जा चुके है। संधारित रिकार्ड बस्तो को रखने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने राजस्व महाभियान के उद्धेश्यों को रेखांकित करते हुए स्थानीय एसडीएम श्री अजय प्रताप सिंह पटेल सहित अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व मामलो का शत प्रतिशत निराकरण कराया जाना है साथ ही तहसील व एसडीएम न्यायालय में प्रचलित प्रकरणो की रिकार्ड दुरूस्ती पंजीबद्ध होना चाहिए। उन्होंने अभियान अवधि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रो में बी-वन वाचन के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।



## जमीयत उलेमा ए हिंद की बैठक हुई संपन्न, स्वतंत्रता दिवस पर निकलेगी जमीयत की वाहन रेली



**सिरोंज ।** मदरसा में जमीयत उलेमा ए हिंद की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे ब्लॉक के अनेकों पदाधिकारी शामिल हुए। जहां बिंदु वार कई मसलों पर चर्चा की गई और मुख्य रूप से स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली वाहन रैली पर रणनीति तैयार की गई। जिसमे सर्व सहमति से सभी धर्मो के धर्म गुरुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए जमीयत के ब्लॉक अध्यक्ष मुफ्ती हफीज अहमद ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी गंगा जमनी तहजीब को कायम रखते हुए जमीयत वाहन रैली का आयोजन करने जा रहा है जिसकी अध्यक्षता जमीयत उलेमा ए हिंद के नायब सदर गाजी वली अहमद करेंगे। वहीं बैठक की अध्यक्षता जमीयत उलेमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष मुफ्ती अली अहमद ने की। इस दौरान एडवोकेट शोएब खान, मुफ्ती जावेद, इरफान मंसूरी, कारी शफीक, मौलवी मुइनुद्दीन, हाफिज नसीम, निजाम खान, हाफिज जाकिर सहित अनेको पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर से शिकायत के बाद एसडीएम ने कराईखेड़ा में शासकीय जमीन को मुक्त करवाने किया आदेश

# प्रतिबंध के बाद भी पट्टे की भूमि की हो रही रजिस्ट्रियां

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सरकार के द्वारा शासकीय पेट की जमीन के विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया उसके बाद भी बिना रोक-टोक के पट्टे की जमीन को बेचने का काम किया जा रहा है उसके नामांतरण भी हो रहे हैं जिनके नाम पर पट्टे हैं वह जमीन पाने के लिए दर-दर की ठोकने का रहा है उनकी कोई सुनवाई नहीं हुए दबंगों के दबाव में अधिकारी और पुलिस भी कुछ नहीं करती है।वहीं कुछ पट्टेधारियों के द्वारा भी जमीन को बेचने का काम किया जा रहा हैं जबकि यहां नियम विरुद्ध कार्य ऐसा करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। विकासखंड में नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में शासकीय पट्टे की जमीन को सस्ते दामों में खरीदने का खेल पहले ऐसे ही चल रहा है शहर में तो पटटे की जमीन पर कालोनियां आका ले रही है जहां पर महंगे दामों पर प्लाट बेचने का काम भी कर दिया गया है। भोपाल रोड पर कालौनी कट रही अब इनके नामांतरण नहीं हो रहा है।दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में तो दबंग लोगों के द्वारा बड़े स्तर पर गरीबों को जीवन यापन करने के लिए सरकार के द्वारा दी गई पटटे जमीन को सस्ते दामों पर खरीद कर उपयोग किया जा रहा है कई लोग इनका कब्जा छोड़ने को भी तैयार नहीं हो रहे हैं। विगत दो वर्षों से गोरेलाल जाटव निवासी कराई खेड़ा अपनी पट्टे की जमीन को दबंग व्यक्ति से मुक्त करवाने के लिए कई बार स्थानीय अधिकारी को लेकर जिले के अधिकारियों शिकायत कर चुके हैं अब जाकर कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को मुक्त करवाने का आदेश जारी किया गया है उन्होंने पटवारी को निर्देश किया गया है कि उक्त जमीन पर जिस व्यक्ति का कब्जा है उसे जमीन को खाली करवा कर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया है। वहीं गोरेलाल ने बताया कि पट्टे के मेरे पास प्रमाण भी है सभी दस्तावेज सभी अधिकारियों को दे दिए गए हैं पुलिस को भी दे दिए गए पर पुलिस के द्वारा भी मेरी कोई मदद नहीं की जा रही उल्टा दबंग व्यक्ति के दबाव में मुझे डांट फटकार करके पथरिया ने भगा दिया गया 2 सालों से मैं अपनी जमीन को वापस पाने के लिए शिकायत है कर रहा हूं अभी तक मुझे आश्वासन के अलावा कहीं से कोई ठोस जवाब नहीं मिल पाया है ऐसे कई मामले हैं जहां पर पटटे की जमीन को खरीद कर भू माफियाओं ने कब्जा कर रखा है उसको छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने कम दामों में पटटे की जमीन को खरीद लिया गया है कुछ ऐसे लोगों का जिन्होंने पटटे की जमीन को बेचा दिया है।अब उनसे जमीन को वापस पाने के लिए अधिकारियों से शिकायत भी कर रहे है।



### पटटे की जमीन किसकी मिली भगत से बिक रही है

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े पैमाने पर पटटे की भूमि को खरीदने और बेचने का खेल जोर-जोर से चल रहा है आखिर किसकी मिली भगत से उक्त जमीन की बिक्री हो रही है। जबकि सरकार के द्वारा पटटे की जमीन को बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बाद भी जमीन को बेचने का काम किया जा रहा है। इस खेल को अंजाम देने वालों पर भी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए सबसे बड़ी बात तो है कि पट्टे की जमीन की रजिस्ट्री हो जाती है उसके बाद बिना जांच पड़ताल के नामांतरण भी किया जा रहे हैं जिसकी चर्चाएं लंबे समय से हो रही हैं आखिर यह सब किसकी सहमति से हो रहा है।

**इनका कहना है -**

*हमने बेदखली का आदेश कर दिया है जिस व्यक्ति के कब्जे में है जमीन उससे मुक्ति करवाई जाएगी पटटे की जमीन खरीदना गलत है जो उसको खरीदेगा उसका खिलाफ हम नियम अनुसार कार्रवाई करेंगे।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम*

## श्रावण मास में हो रहा है पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारूद्राभिषेक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सावन के पावन महीने कुरवाई रोड़ पर स्थित निजी में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन एवं शिव महारूद्राभिषेक का आयोजन हो रहा है। आठ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन प्रात:9 बजे से 12 बजे तक पं. नलिनीकांत शर्मा द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारूद्राभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न कराया जा रहा है। नागपंचमी को होगा नव नाग जोड़ा विशेष पूजन। इस अवसर पर नागपंचमी 9 अगस्त दिन शुक्रवार को नव नाग जोड़ा विशेष पूजन का आयोजन होगा। इस दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम में नगर के सभी धर्मपेमी बंधु जोड़ा सहित उपस्थित होकर एक दिवसीय आयोजन में सहभागी सकते हैं। इस अवसर पर आठ दिवसीय शिव महारूद्राभिषेक की पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण भी होगा।

नाग पूजन करने से होता है पितृ-दोष का निवारण -पं. नलिनीकांत शर्मा - इस अवसर पं. नलिनीकांत शर्मा ने बताया कि श्रावण मास भगवान शंकर को अत्यंत प्रिय है और इस महीने में पार्थिव शिवलिंग का पूजन करने से अनंत पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास की नागपंचमी को नाग पूजन करने से हमारे पितृ-दोष का निवारण होता है। इस हेतु श्री नागपंचमी 9 अगस्त दिन शुक्रवार को नव नाग जोड़ा विशेष पूजन का आयोजन होगा अतः समस्त धर्मप्रेमी बंधु इस आयोजन में पधारकर धर्म-लाभ प्राप्तकरें।



## अपहरण मामला: सीएम के नाम वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज।** मंगलवार को अभिभाषक संघ ने मुख्यमंत्री एवं विधि मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी सिरोंज को देते हुए अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम शीघ्र लागू करने की मांग की गई है ज्ञापन में अभिभाषक संघ गंजबासौदा के अधिवक्ता मुकेश रघुवंशी को 3 एवं 4 अगस्त की दरमियानी रात को राधा कृष्ण परम कॉलोनी के पास से अपहरण करते हुए फिरौती वसूली की गई एवं उनके साथ लूटपाट करते हुए गंभीर रूप से मारपीट की गई जिसकी रिपोर्ट थाना बासौदा में की गई है। सिरोंज अधिवक्ता गणों ने इस घटना की निंदा की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर अधिवक्ताओं के ऊपर हमले हो रहे हैं और उन पर झूठे मामले पंजीकृत किया जा रहे हैं।मध्य प्रदेश शासन ध्यान नहीं दे रहा है अधिवक्ता गण कई सालों से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करते आ रहे हैं। इस दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी, पीयूष चौरसिया, काशीराम रघुवंशी,अमित रघुवंशी, जाहिद खान ,मदन मोहन गुजराती, ओम बाबू भार्गव ,सुरेंद्र रघुवंशी, श्री राम सूर्यवंशी ,ओम प्रकाश शर्मा, बलिराम साहू ,सचिन शर्मा नीरज श्रीवास्तव मोहन शर्मा घनश्याम शरण त्यागी, मुस्ताक खान गौरी ,राजू साहू ,दीपेश शर्मा, राजू श्रीवास्तव, दीपेंद्र शर्मा ,अरविंद, सोनी ,अंकेश धाकड़, दीपेश राजपूत ,दिनेश शर्मा अजय शर्मा, रितेश गुजराती आदि उपस्थित थे।



## ट्रांसजेंडर व्यक्तियों हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सर्वोच्च न्यायलय नई दिल्ली द्वारा पारित निर्णय के संबंध में प्रदेश में ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों के लिए की गई कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुये हैं। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा उक्त बिन्दुओं पर संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला विदिशा को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु जो निर्देश प्राप्त हुए हैं वह इस प्रकार है।

**भेदभाव का प्रतिषेध-** कोई भी रोजगार, व्यवसाय, शासकीय, प्राइवेट, सार्वजनिक स्थापनों में, सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच कराना।

**पहचान को मान्यता-** उभयलिंगी व्यक्तियों को पहचान पत्र, पहचान प्रमाण पत्र डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट द्वारा जारी कराना। प्रत्येक स्थापन में शिकायत निवारण अधिकारी को नामांकित किया जाना।

**रोजगार के समान अवसर-** रोजगार संबंधी मामले में उभयलिंगी व्यक्ति के विरूद्ध गैर भेदभाव, समान अवसर नीति का प्रकाशन, उभयलिंगी व्यक्ति को यूनीसेक्स शौचालय, लिंग की पहचान गोपनीय रखना। कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच, ऋण सुविधा सहित बैंकिग वित्तीय सेवाओं तक पहुंच, सूक्ष्म वित्त स्कीमों इत्यादि योजनाओं नियमानुसार का लाभ प्रदाय कराना। सभी स्वास्थ्य देखरेख सुविधा उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए अलग से वार्ड सुनिश्चित कराना। चिकित्सालयों में पुरुष, महिला अथवासुविधा और प्रत्येक प्रतिष्ठान में पृथक शौचालयों सहित संस्थागत और अवसंरचनात्मक सुविधाएं सृजित करना। सभी शैक्षणिक संस्थानों में एक समिति होगी, जो उभयलिंगी छात्र, उन्हे धमकाने वाले व्यक्तियों जिसमें शिक्षक भी सम्मिलित है कि उपस्थिति से प्रभावित न हो, जहां उभयलिंगी व्यक्ति किसी उत्पीडन या भेदभाव की दशा में संपर्क कर सकेंगे। सार्वजनिक परिवहन में भेदभाव का प्रतिषेध करने के लिये पर्याप्त उपाय करना। उभयलिंगी व्यक्तियों के विरूद्ध अपराधों की निगरानी करने और मामलों का समय से पंजीकृत करने, जांच और अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक जिले में ट्रांसजेण्डर प्रोटेक्शन सेल का गठन किया जाना है।

## सिरोंज तीन दिवसीय पौधरोपण कार्यकम का हुआ शुभारंभ

**सिरोंज ।** न्यायालय परिवार एवं अधिवक्ता संघ सिरोंज द्वारा एक रैली पर्यावरण सुरक्षा एवं पर्यावरण की शुद्धता हेतु निकाली गई। इस रैली में न्यायालय प्रथम जिला जज सुरेंद्र मेश्राम सिरोंज एवं व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 सुश्री अंकिता जैन सिरोंज एवं नगर सिरोंज के अधिवक्ता एवं न्यायालय परिवार सिरोंज न्यायालय से ग्राम कल्याणपुर बीट कक्ष क्रमांक 13 वन परिक्षेत्र सिरोंज पहुंचे जहां ग्राम कल्याणपुर वन विभाग की लगभग 16 बीघा भूमि में सागौन अर्जुन सरस सफेद कांजी महुआ खमेर नीम अवाला अशोक के पौधों का पौधा रोपण किया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम शरण त्यागी वरिष्ठ अधिवक्ता मदन मोहन गुजराती काशीराम रघुवंशी अशोक शर्मा एडवोकेट परम सुख सेन दिनेश शर्मा रामस्वरूप यादव मलखान कुशवाह एडवोकेट दीपेश राजपूत अमित रघुवंशी जाहिद खान एडवोकेट वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम डिप्टी रेंजर शफीक अहमद वनरक्षक शंकर लाल अभिलाष एवं आमिर खान ने वृक्षारोपण किया। वन परिक्षेत्र सिरोंज द्वारा ग्राम कल्याणपुर में लगभग 1300 से लेकर 1500 गड्ढे वृक्षारोपण के लिए कराए गए थे 5 अगस्त से 7 अगस्त तक सिरोंज न्यायालय परिवार को लगभग 3000 से लेकर 4000 तक वृक्षारोपण करना है लगातार दो दिन वृक्षारोपण न्यायालय सिरोंज द्वारा किया जा चुका है। ग्राम कल्याणपुर में अधिवक्ता एवं न्यायालय परिवार वन विभाग की भूमि पर पहुंचा।




**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज, भोपाल**

क्र/था.प्र./ हनुमानगंज/ भो./ मर्ग क्र./ 23/ 24 दिनांक 30/07/2024

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज के मर्ग क्र. 23/24 धारा 194 BNSS के मृतक अज्ञात मृतकका हुलिया रंग-साफ, चेहरा-लंबा मृतक का शरीर दुबला पतला एवं पेट चिपका हुआ, बदन- लंबा, पहनावा- दाड़ी व मूछ के बाल काले रंग के व बड़े हुए हैं बदन पर स्लेटी रंग की लाईन दार हाफ अस्तिन की शर्ट एवं निले रंग का कैफरी पहने हुए है। तथा नीले रंग का धागा बंध हुआ है। दाये हाथ कि कलाई पर हिन्दी में राधा बाई गुदा हुआ है। की मृत्यु दौरान इलाज हमीदिया अस्पताल में दिनांक 15/07/24 को होने से शव मर्चुरी में रखा पाया गया जिसकी फोटो उपरोक्तानुसार है के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना हनुमानगंज भोपाल (म.प्र.) के संपर्क नंबर 0755-2677323 अथवा 7587601742 एवं जांच अधिकारी के मोबाईल नंबर 7587601685 पर सूचना देने का कष्ट करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना हनुमानगंज, भोपाल**

G-14600/24


**मेट्रो एंकर**

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम नेखाद्य प्रतिष्ठानों से सैंपल किए एकत्रित

# दूध एवं दूध पदार्थों पर हाईकोर्ट हुआ सख्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों से दूध, घी, रवा, मैदा इत्यादि के सैंपल एकत्रित किए सभी सैम्पल जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे, जांच रिपोर्ट आने पर की जाएगी वैधानिक कार्यवाही उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में विचाराधीन अवमानना प्रकरण में पारित आदेश के पालन की समीक्षा हेतु गठित दो सदस्यीय समिति द्वारा सीएमएचओ कार्यालय ग्वालियर में ग्वालियर एवं चम्बल संभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के समस्त जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें समिति द्वारा विभागीय अधिकारियों को अवमानना याचिका में पारित आदेश बिन्दुओं का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।**

समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को रोकने एवं मिलावटखोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे। इस संबंध में कलेक्टर बुद्ध कुमार वैद्य ने विदिशा जिले में दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों में होने वाले मिलावट को रोकने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।कलेक्टर श्री वैद्य के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के सैम्पल जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा आज विदिशा नगरीय क्षेत्र के रामलीला चौराहा स्थित कृष्णा डेयरी से मिल्क एवं रीठा फाटक स्थित बालाजी ट्रेडर्स से घी, रवा, मैदा, पतंजलि मिल्क बिस्कुट, शक्कर, साबूदाना, टोमैटो सौस आदि के सैम्पल जांच हेतु लिये गये हैं।



उक्त सभी सैम्पल जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गये हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सभी खाद्य कारोबारकर्ता (दूध विक्रेता, डेयरी संचालक, दूध एवं दूध पदार्थ का परिवहन करने वाले, किराना व्यापारी, फल सब्जी विक्रेता, खाद्य पदार्थ थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता, चाय नाश्ता की दुकान, हॉकर, आदि) को खाद्य लाइसेंस, पंजीयन कराना अनिवार्य है।

### सिरोंज में जाँच के दौरान दुकाने बंद करके क्यों भाग जाते है दुकानदार

अक्सर देखा गया है जब भी दुकानदारों को भनक लगती है खाद्य अधिकारियों की टीम जाँच के लिये आ रही है तो अक्सर दुकानदार अपनी-अपनी दुकाने बंद कर गायब हो जाते है और जब टीम अपना चली जाती है तो पुनः दुकाने खोल लेते है यह जाँच का विषय है की दुकाने क्यूँ बंद करते है।


**उद्योग संचालनालय, मध्यप्रदेश (सामान्य कक्ष)**

क्रमांक02/सामा/(6)/2024/1224 भोपाल दिनांक 30/7/2024

**// नीलामी विज्ञप्ति //**

उद्योग संचालनालय, विंध्याचल भवन, भोपाल कार्यालयीन टूटे फूटे अनुपयोगी फर्नीचर व उपकरण आदि की नीलामी सूचनाः-

1. उद्योग संचालनालय, विंध्याचल भवन भोपाल के छटवीं मंजिल के हाल में रखा हुआ पुराना टूटा-फूटा अनुपयोगी फर्नीचर को जहां है जैसा है की स्थिति में बोली लगाकर नीलाम किया जाना है। जिसका न्यूनतम मूल्य 35.000 (पैंतीस हजार मात्र) निर्धारित है।
2. सामग्री की बोली हेतु न्यूनतम 3 व्यक्ति/ फर्म होना अनिवाय है।
3. अधिकतम बोली लगाने वाली फर्म/ व्यक्ति को सामग्री दी जावेगी। सुरक्षा डिपाजिट हेतु राशि रू. 5000/- (पॉच हजार रूपये मात्र) बोली लगाने के पूर्व जमा करनी होगी।
4. सामग्री स्वयं के व्यय पर कार्यालय से ले जानी होगी।
5. नीलामी दिनांक 16/08/2024 को दोपहर 3.30 बजे उद्योग संचालनालय भोपाल में की जावेगी।
6. नीलामी के संबंध में अंतिम निर्णय आयुक्त एम.एस.एम.ई. म.प्र. का होगा।

**उप संचालक उद्योग**
**उद्योग संचालनालय, म.प्र.**

G-14548/24






## आज चानू से गोल्ड की उम्मीद

भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू से देश को गोल्ड की उम्मीद होगी। मीराबाई ने टोक्यो ओलंपिक के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। यहां उनकी नजर गोल्ड पर होगी। उन्होंने 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर सिल्वर जीता था। मीराबाई ने कूल्हे की चोट से उबरने के बाद वापसी की है। नेशनल कोच विजय शर्मा का कहना है कि वे पूरी तरह से फिट हैं। पिछले ओलिंपिक के बाद मीराबाई का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में आया था, जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाकर गोल्ड जीता था। इसी साल उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर भी हासिल किया। बता दें हॉकी में भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से 2-3 से हारा गया है। वहीं एथलेटिक्स नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो के फाइनल में पहुंच गए।

# ओलंपिक: भारत की नजरें गोल्ड पर

**पेरिस. एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में बुधवार को भारत की नजरें 3 गोल्ड पर होंगी। आज 4 भारतीय फाइनल इवेंट में हिस्सा लेंगे। दूसरी ओर, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू विमेंस 49 किलोग्राम वेट कैटेगरी, मिडिल डिस्टेंस रनर अविनाश साबले 3000 मीटर बाधा दौड़ और लंबी दूरी की धावक प्रियंका-सूरज की जोड़ी मिक्स्ड मैराथन वॉक रिले के मेडल इवेंट में हिस्सा लेगी। पेरिस में चल रहे ओलंपिक गेम्स के 12वें दिन भारत 4 मेडल इवेंट में हिस्सा लेगा।

## प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में चीन के खिलाफ भारत की हार



भारतीय टीम मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के प्रीक्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय चीन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। भारत की 14वीं वरीय टीम के पास कई बार के ओलंपिक चैंपियन चीन का कोई जवाब नहीं था जिसने मुकाबला 3-0 से जीता। अनुभवी अचंता शरत कमल ही एक गेम जीतने में सफल रहे। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को मा लोंग और वैंग चुकिन की नंबर एक जोड़ी ने 11-2, 11-3, 11-7 से मात दी।

## ओलिंपिक मेडल पर नजर

मीराबाई के अलावा भारत की नजरें मिडिल डिस्टेंस रनर अविनाश साबले पर होंगी। अविनाश ने पिछले साल एशियन गेम्स में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। ऐसे में उनसे ओलिंपिक गेम्स में भी मेडल की उम्मीदें होंगी। साबले ने पिछले महीने पेरिस डायमंड लीग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने 8:09.91 मिनट का समय निकाला। अविनाश का पिछला बेस्ट 8:11.20 मिनट था।

# भारत और श्रीलंका का तीसरा वनडे आज होगा

**कोलंबो. एजेंसी**

भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का आखिरी मैच आज कोलंबो में खेला जाएगा। आर प्रेमदासा स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से मैच शुरू होगा। श्रीलंका ने दूसरा वनडे जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली, पहला वनडे टाई था। अगर आज श्रीलंका जीता तो टीम 27 साल बाद भारत को वनडे सीरीज हराएगी। श्रीलंका ने 1997 में भारत को आखिरी बार 4 वनडे की सीरीज 3-0 से सीरीज हराई थी। इसके बाद भारत ने 11 वनडे सीरीज जीती। वहीं भारत अगर जीता तो यह टीम की श्रीलंका पर 100वीं वनडे जीत होगी। भारत के पास आज फिर श्रीलंका पर 100वीं वनडे जीत दर्ज करने का मौका है। दोनों के बीच 170 वनडे खेले गए, 99 में भारत और 58 में श्रीलंका को जीत मिली। इस दौरान 2 वनडे टाई और 11 बेनतीजा रहे। भारत शुरुआती 2 वनडे में भी यह रिकॉर्ड हासिल कर सकता था, लेकिन पहला मैच टाई रहा और दूसरे में श्रीलंका को जीत मिली।

## श्रीलंका से 2 ही सीरीज हारा है भारत

भारत और श्रीलंका के बीच पहली वनडे सीरीज 1982 में खेली गई, तब भारत को 3-0 से जीत मिली। फिर 1997 तक दोनों ने 7 सीरीज और खेलीं, 2 में श्रीलंका और 3 में भारत को जीत मिली। जबकि 2 सीरीज ड्रॉ हो गईं। 1997 के बाद दोनों ने 2 से ज्यादा मैचों की 11 वनडे सीरीज खेलीं, सभी में भारत को जीत मिली। अब 3 वनडे की सीरीज में श्रीलंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। इसी के साथ यह भी कन्फर्म हो गया कि श्रीलंका सीरीज नहीं हार सकता। भारत अगर आज जीता तो सीरीज 1-1 से ड्रॉ हो जाएगी। दोनों के बीच वनडे सीरीज भी 27 साल बाद ही ड्रॉ होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि दोनों वनडे में बैटर्स ने निराश किया। साथ ही टीम में 3 तेज गेंदबाज हैं, जबकि दोनों वनडे में स्पिन को मदद मिली। श्रीलंका तो 5 स्पिनर्स के साथ उतर रहा है। इसे देखते हुए टीम इंडिया पेस बॉलिंग ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर रियान पराग को मौका दे सकती है।



## मेट्रो बाजार

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में मामूली गिरावट, पीएमआई के आंकड़े जारी

**मुंबई. एजेंसी**



भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून की तुलना में जुलाई में थोड़ी धीमी रही। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 रही जबकि जून में यह 60.5 थी। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' जुलाई में सेवा क्षेत्र की गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, नए कारोबार में और वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से घरेलू मांग से प्रेरित रही। सेवा कंपनियां आने वाले वर्ष के लिए आशावादी हैं।'' सितंबर 2014 में इस सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से नए निर्यात ठेकों में तीसरी सबसे तेज वृद्धि हुई है, जिसका कारण दुनिया भर से भारतीय सेवाओं की मांग में वृद्धि है। निर्यात ठेकों की प्रमुख मांग ऑस्ट्रिया, ब्राजील, चीन, जापान, सिंगापुर, नीदरलैंड और अमेरिका से रही। सर्वेक्षण में कहा गया, अनुकूल आर्थिक स्थिति और उत्पादन के प्रति आशावादी उम्मीदों ने सेवा कंपनियों में भर्ती को बढ़ावा दिया। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स जुलाई में 60.7 रहा, जो जून में 60.9 था। एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# कर सलाहकारों की मांग, 7 दिन में मिले जीएसटी पंजीकरण की मंजूरी, अभी 13 दिन का लगता है समय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण की मंजूरी देने में एक सप्ताह का समय लगना चाहिए लेकिन कई बार इस काम में लंबा समय लग जाता है और पंजीकरण करवाने वाले व्यापारी परेशान होते हैं। सरकार ने भी इस बात को माना है। अमूमन जीएसटी पंजीकरण की मंजूरी में औसतन 12.82 दिन का समय लगता है। जीएसटी एक्सपर्ट का कहना है कि विभाग को, आवेदनकर्ता को एक सप्ताह के भीतर जवाब देना चाहिए। दरअसल वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि कर अधिकारियों को जीएसटी पंजीकरण को मंजूरी देने में औसतन 12.82 दिन लगते हैं। आदर्श रूप से यह प्रक्रिया सात कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जानी चाहिए। यदि अतिरिक्त दस्तावेज या जानकारी की आवश्यकता होती है, तो आवश्यक कागजी कार्रवाई प्रदान करने के बाद पंजीकरण को सात दिनों के भीतर मंजूरी दी जानी चाहिए। जानकारों के मुताबिक आवेदक को एक सप्ताह के भीतर जवाब देना चाहिए और अगले सात दिनों के भीतर अधिकारी आवेदन को या तो अस्वीकार करेंगे या पंजीकरण को मंजूरी दे देंगे।

# भारत और श्रीलंका में आयोजित हो सकता है टी-20 महिला विश्व कप

## बांग्लादेश में हिंसा-03 से 20 अक्टूबर तक होने वाले टूर्नामिंट पर संकट

**नई दिल्ली.एजेंसी**

बांग्लादेश में सरकार विरोधी आंदोलन के कारण हो रही हिंसा को देखते हुए आइसीसी सुरक्षा कारणों से इस साल 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाले महिला टी-20 विश्व कप को स्थानांतरित कर सकता है। आइसीसी ने विश्व कप के आयोजन के लिए भारत, श्रीलंका और यूएई को बैकअप के तौर पर रखा है। हालांकि कम समय में तैयारियों के लिहाज से भारत का दावा काफी मजबूत दिख रहा है।

### बैकअप स्थल के विकल्पों पर काम शुरू

रिपोर्ट के अनुसार आइसीसी ने विश्व कप की मेजबानी के लिए बैकअप स्थल के विकल्पों पर काम करना शुरू कर दिया है। भारत और श्रीलंका कम समय में इस टूर्नामेंट की मेजबानी को तैयार हैं। हालांकि श्रीलंका में अक्टूबर में बारिश का मौसम होता है, जबकि भारत में पाकिस्तान टीम के लिए वीजा एक मुद्दा हो सकता है।




### स्पेन की पाउला बाडोसा बनी चैंपियन

# ओपन टेनिस: चेक गणराज्य की मैरी बुजकोवा को हराया

**वाशिंगटन. एजेंसी**



स्पेन की पूर्व विश्व नंबर दो टेनिस खिलाड़ी पाउला बाडोसा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वाशिंगटन ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया। 26 वर्षीय बाडोसा ने फाइनल में चेक गणराज्य की मैरी बुजकोवा को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया। बाडोसा ने दो साल बाद कोई खिताब जीता है। वह 2023 में पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर की वजह से शीर्ष-100 से बाहर हो गई थीं। लेकिन अब शीर्ष 50 में शामिल हो गई हैं। सेबेस्टियन कोर्डा ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को 4-6, 6-2, 6-0 से हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

# स्मृति, शेफाली और वाशिंगटन सुंदर नामित

**दुबई. एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर, महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग में नामित किया गया है। 24 वर्षीय सुंदर भारतीय टीम के प्रमुख स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरे हैं। सुंदर के अलावा पुरुष वर्ग में इंग्लैंड के गस एटकिंसन और स्कॉटलैंड के चार्ली कैसेल को भी नामित किया गया है। महिला वर्ग में श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू भी होड़ में हैं।

# बेंजामिन ने के-2 पर्वत पर सबसे तेज चढ़ाई का रेकॉर्ड बनाया

**पेरिस. एजेंसी**

फ्रांसीसी पर्वतारोही बेंजामिन वेड्रिनेस ने के-2 पर्वत पर तेज चढ़ाई का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया है। वेड्रिनेस ने पाकिस्तान व चीन की सीमा पर 28,251 फीट ऊंचे विश्व के दूसरे सबसे ऊंचे पर्वत के-2 को 10 घंटे, 59 मिनट और 59 सेकंड में फतह किया। इस चढ़ाई ने बोतलबंद ऑक्सीजन के बिना के-2 पर चढ़ने के पिछले रेकॉर्ड को आधे से भी अधिक कम कर दिया है।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

# महेश के साथ रिश्ते पर अनु अग्रवाल ने कहा मैं वन-टेक आर्टिस्ट थी इसलिए लोग जलते थे...



फिल्म आशिकी ने अपने मुख्य कलाकार अनु अग्रवाल और राहुल रॉय को रातोंरात स्टार बना दिया। फिल्म रिलीज के 34 साल बाद भी अनु अग्रवाल को 'आशिकी गर्ल' कहा जाता है। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अपने मुख्य कलाकारों, अनु और राहुल रॉय को रातोंरात सनसनी बना दिया। फिल्म यह एक म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर के रूप में उभरी जो अभी भी हमारे संगीत उद्योग के लिए एक बेंचमार्क बनी हुई है, लेकिन तमाम सुपरस्टारडम के बीच अनु को भट्ट के साथ रिलेशनशिप में होने के आरोपों का भी सामना करना पड़ा। यह सब कैसे शुरू हुआ, इसे याद करते हुए अनु ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि वह सेट पर अपने 'वन-टेक' कौशल से अपने निर्देशक महेश भट्ट को प्रभावित करने में कामयाब रहीं। इससे कई लोगों को ईर्ष्या भी हुई, जिससे भट्ट के साथ उनके रिश्ते के बारे में अफवाहें उड़ीं। मैं एक मॉडल थी और माता-पिता के बिना मुंबई में अकेली थी। आशिकी में मेरे सभी शॉट वन-टेक शॉट थे, ऐसा महेश भट्ट कहते थे मैं वन-टेक आर्टिस्ट थी। मैंने यह शब्द पहले नहीं सुना था और मुझे लगता है कि बहुत से लोगों को यह पसंद नहीं आया, आप जानते हैं कि अन्य लोग ईर्ष्यालु हो सकते हैं। अनु के अनुसार, जहां सेट पर कई लोगों ने उनकी कला की सराहना की, वहीं कुछ लोगों ने भट्ट पर पक्षपात का आरोप लगाना शुरू कर दिया और यहां तक कि दोनों के रिश्ते में होने की बातें भी कहीं। बाद में मैंने जो प्रतिक्रियाएं देखीं, उससे कुछ लोगों ने मेरे और महेश भट्ट के बारे में अफवाहें फैलाना शुरू कर दिया, हमारे रिश्ते पर सवाल उठाया और सवाल उठाया कि वह मेरे प्रति इतने पक्षपाती क्यों थे। उन्होंने मेरी इस तरह प्रशंसा क्यों की? जबकि उन्होंने कहा कि उन्होंने यह सब नजरअंदाज कर दिया, यह कोई आसान काम नहीं था। उन्होंने साझा किया, मेरी थाली में बहुत कुछ था। मैं एक युवा लड़की थी जो अकेली रहती थी और 22 साल की उम्र में अपना जीवन संभाल रही थी।

# अद्भुत टीम के साथ 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग शुरू



अजय देवगन अपनी साल 2012 की फिल्म सन ऑफ सरदार के बहुप्रतीक्षित सीक्वल के एलान के बाद से ही सुर्खियों में बने हुए हैं। सन ऑफ सरदार 2 के निर्देशन की कमान विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। मंगलवार को अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर 2012 की फिल्म सन ऑफ सरदार के सीक्वल की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में हो रही है। अजय देवगन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट कर शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। क्लिप में सेट के विभिन्न पलों को कैद किया गया है, जिसमें दमदार एक्शन सीन, होली समारोह, जबर्दस्त डांस, अजय के बेटे युग की झलक और सुपरस्टार का गुरुद्वारा जाना शामिल है। वीडियो को पोस्ट करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा है, सन ऑफ सरदार 2 की यात्रा प्रार्थनाओं, आशीर्वाद और एक अद्भुत टीम के साथ शुरू होती है। हालांकि, इसी बीच फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर एक दिल तोड़ने वाली खबर भी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो संजय दत्त फिल्म से बाहर हो गए हैं। अभिनेता के फिल्म से बाहर होने की वजह यह है कि उन्हें यूके का वीजा नहीं मिल पाया है जहां उन्हें फिल्म की शूटिंग के लिए जाना था। खबरें तो यह भी हैं कि फिल्म में संजय दत्त की जगह अभिनेता और बीजेपी सांसद रवि किशन ले सकते हैं।

# खाकी: 'द बंगाल चैप्टर' में नजर आएंगी चित्रांगदा जल्द साइन करने वाली हैं एक फिल्म



अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह को हाल ही में, रिलीज हुए गाने 'हौली हौली' में अक्षय कुमार के साथ देखा गया, जिसके बाद लोगों को उनकी पुरानी फिल्म देसी बॉयज याद आ गई थी। खैर, अब दर्शकों को उनकी पुरानी फिल्म की यादों में डूबने की जरुरत नहीं है, क्योंकि चित्रांगदा सिंह जल्द ही वेब सीरीज खाकी- द बंगाल चैप्टर में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्माण नीरज पांडे करेंगे, जिनकी नई फिल्म औरों में कहां दम था इन दिनों सिनेमाघरों में चल रही है और इसे दर्शकों की कमी से जूझना पड़ रहा है। खाकी- द बंगाल चैप्टर, खाकी- द बिहार चैप्टर सीरीज का अगला भाग है। पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था। इसमें निकिता दत्ता, अविनाश तिवारी, आशुतोष राणा, ऐश्वर्या सुष्मिता समेत कई कलाकारों ने काम किया था। चित्रांगदा सिंह ने खाकी- द बंगाल चैप्टर पर कहा कि वो इस वेब सीरीज के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल इसकी शूटिंग चल रही है। चित्रांगदा ने बताया कि वो जल्द ही एक फिल्म में काम करते हुए नजर आएंगी, जिसे वो साइन करने वाली हैं। इसके अलावा एक और प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। चित्रांगदा सिंह पिछली बार गैसलाइट फिल्म में दिखाई दी थीं। इसमें विक्रांत मैसी और सारा अली खान ने भी काम किया था। यह फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी। उन्होंने अपने अभी तक के करियर में काफी कम फिल्मों में काम किया है। इनमें बॉब बिस्वास, आई मी और मैं, ये साली ज़िंदगी, हजारों ख्वाहिशें ऐसी, इंकार, साहेब, बीबी और गैंगस्टर 3 और बाजार समेत कुछ और फिल्में शामिल हैं।

# एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचे युवक को मारा चाकू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार रोड स्थित एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचे एक युवक को दूसरे युवक ने चाकू मार दिया। मौके पर मौजूद ट्रैफिक के हेड कांस्टेबल ने आरोपी को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार अमरनाथ कालोनी में रहने वाले प्रत्यूष (35) मंगलवार शाम को केनरा बैंक के



एटीएम पर रुपये निकालने पहुंचे थे। इस दौरान पहले रुपये निकालने की बात को लेकर वहां मौजूद एक युवक से उनका विवाद हो गया। इसी पर उक्त युवक ने प्रत्यूष पर चाकू से हमला कर दिया। पास ही खेड़ ट्रैफिक के हेड कांस्टेबल सुरजीत की नजर पड़ी तो उन्होंने दौड़कर हमला करने वाले युवक को पकड़ लिया। इसी बीच हमलावार के कुछ साथी पहुंच गए और उसे छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोलार थाने की पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बीच-बचाव के दौरान सुरजीत की शर्ट खून से सन गई थी। इधर घटना के बाद प्रत्यूष अपने घर चले गए। बाद में उन्होंने थाने जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# परवलिया इलाके में करंट लगने से गाय की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया इलाके में बिजली का करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तार डालने वाले खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विवेक मीना पिता करण सिंह (25) ग्राम दौतलपुर ठीकरिया के रहने वाले हैं और खेती किसानी करते हैं। विवेक ने पुलिस को बताया कि उनके पास हल्के लाल रंग की एक जर्सी गाय थी। सोमवार दोपहर करीब दो बजे उन्होंने उसे चरने के लिए जंगल में छोड़ा था। जंगल से गाय चरती हुई सैमल वाली पठार के पास पहुंच गई। यहां गांव के ही साजिल अहमद उर्फ सन्नी अहमद के बिजली के तार डीपी से लगे हुए थे, जो काफी नीचे थे, इन्हीं तारों से गाय को करंट गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ुलिस ने इस मामले में साजिल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बरामदगी 10 फीसदी से कम, यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं

# राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चल रहा चोर गिरोह, साढ़े 11 सौ यात्रियों को बनाया निशाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोर-लुटेरों का गिरोह सक्रिय हैं। गिरोह प्रतिदिन 5 से 6 यात्रियों को निशाना बना रहा है। यात्रियों की पुख्ता सुरक्षा का दावा करने वाली जीआरपी-आरपीएफ वारदात रोकने के अलावा इन गिरोहों को पकड़ने में भी पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। नतीजतन, सक्रिय चोर गिरोह ट्रेन के अंदर ही नहीं ,प्लेटफॉर्म पर वारदात को अंजाम देकर अगले टॉरगेट के लिए आगे बढ़ जा रहा है। जनवरी 2024 से 21 जुलाई 2024 के बीच अकेले भोपाल रेलवे स्टेशन की जीआरपी थाने में 950 वारदातें रजिस्टर्ड हुई हैं। इसी दरमियान रानी कमलापति रेलवे स्टेशन में 245 अपराध दर्ज हुए हैं। इसमें 16 अपराध विवाद से जुड़े हैं। इन 16 अपराधों को कम कर दिया जाए, तो बाकी चोरी, छपटमारी की वारदात शामिल हैं। मतलब, हर रोज 5-6 यात्रियों को चोर, लुटेरे निशाना बना रहे हैं। इन वारदातों से गायब सामान की बरामदगी में भी जीआरपी पीछे है, महज 10 फीसदी चोरी, लूट का सामान ही बरामद कर सकी है।



**कैमरों से लैस स्टेशन, फिर भी गिरोह नहीं पकड़े जा रहे:** भोपाल रेलवे स्टेशन, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन सीसीटीवी कैमरों से लेस हैं। हर तरफ कैमरे लगे हैं। गिरोह दोनों स्टेशनों के अंदर ही तमाम वारदात कर रहे हैं। बावजूद इसके जीआरपी गिरोह से जुड़े बदमाशों की पहचान नहीं कर पा रही है। नतीजतर, गिरोह स्टेशनों के एंट्री गेट से दाखिल होकर वारदात कर वापस उसी रास्ते से निकल आ रहे हैं।

**स्टेशन के साथ एसी बोगी में सुरक्षित नहीं:** ट्रेन की एसी बोगी में भी चोर गिरोह के सदस्य सामान्य यात्री के रूप में सवार होते हैं। यात्रियों के पलक झपकते ही उनका सामान गायब कर सुरक्षित उतर जाते हैं। लैपटॉप बैग और जेब में या बर्थ पर रखे मोबाइल पर भी इन चोरों की नजर होती है। सबसे ज्यादा मोबाइल की चोरी इन दिनों हो रही है। इन मोबाइल को भी जीआरपी ट्रेस नहीं कर पा रही है। जबकि, पुलिस के पास तमाम तकनीकी साधन इस समय मौजूद हैं। जिनसे गिरोह तक पुलिस आसानी से पहुंच सकती है।

## इन वारदातों से समझें गिरोह के वारदात का तरीका

**वारदात-1:** जीआरपी भोपाल में दर्ज एफआईआर में गाजियाबाद निवासी राजू रेड्डी ने 21 जुलाई को बताया कि वह अपनी पत्नी मालती के साथ दिल्ली से पेदपल्ली की यात्रा अंडमान एक्स के कोच-बी-2 में कर रहा था। पत्नी का हैंड बैग सीट पर रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने पर अज्ञात बदमाश बैग चोरी कर ले गया।

**वारदात-2:** जालौन निवासी आदेश कुमार 21 जुलाई को जालौन से रात करीब 2 बजे भोपाल पहुंचे। उन्हें नर्मदा एक्स से इंदौर जाना था। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-4 पर ट्रेन के इंतजार कर वह इंतजार कर रहा था। इसी बीच उन्हें नींद लग गई। सुबह 7 बजे नींद खुली तो देखा कि पेन्ट की जेब मे रखा मोबाइल गायब था।

**वारदात-3:** कोलार निवासी डा. बी भारती 21 जुलाई को ट्रेन से मथुरा से भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 पर उतरे। इसके बाद भोपाल स्टेशन के इटारसी एंड पर बैग रखकर बाथरुम चले गए। डेढ़ मिनट बाद वापस लौटे तो उनका बैग गायब मिला।

**वारदात-4:** सीहोर निवासी सरोज खत्री 18 जुलाई को अपनी बहन सीता सकला को भोपाल-जयपुर ट्रेन में बैठाने के लिए आई थीं। यात्रियों की काफी भीड़भाड़ थी। इसी बीच यात्रियों के भीड़ में मौजूद अज्ञात बदमाश उनके गले से सोनी की चेन चोरी कर ले गया।

**वारदात-5:** ग्राम जौरा, मुरैना निवासी 19 वर्षीय आदित्य त्यागी ने बताया कि 23 जून को सचखण्ड एक्स के कोच बी-2 में चालीसगांव से मुरैना की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान रात 2 के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास कपड़े, मोबाइल रखा काले रंग का बैग अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। जब वारदात को बदमाश ने अंजाम दिया उस समय आदित्य त्यागी अपने बर्थ पर सो रहे थे। त्यागी ने बताया कि एसी बोगी में बदमाश सवार था।

# अशोका गार्डन में बैंक के सामने खड़ा ट्रक चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में स्टेट बैंक के सामने खड़ा ट्रक अज्ञात चोर चुराकर ले गए। चोरी हुए ट्रक की कीमत आठ लाख रुपए बताई है। करीब एक महीने की तलाश के बाद भी जब ट्रक का कुछ पता नहीं चला तो मालिक ने थाने पहुंचकर शिकायत कराई। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजेश पाटीदार (51) इंदौर में रहते हैं। उनके पास दो ट्रक हैं। एक ट्रक वह खुद चलाते हैं, जबकि दूसरा ट्रक करोंद निवासी उनका ड्रायवर मो. आदिल चलाता था। गत महीने मोहम्मद आदिल ट्रक में केला लोडकर महाराष्ट्र से भोपाल करोंद मंडी पहुंचा। मंडी में माल उतारने के बाद 6 जुलाई को उसने ट्रक औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में स्टेट बैंक के सामने खड़ा कर दिया। उसी दिन काम से वह बैतूल निकल गया। एक सप्ताह बाद लौटा तो स्टेट बैंक के सामने ट्रक नहीं मिला। उसने ट्रक नहीं होने की जानकारी मालिक को दी थी। दोनों ने एक महीने तक ट्रक की तलाश अपने स्तर पर की, पर कुछ नहीं चला। सोमवार को राजेश ने थाने पहुंचकर ट्रक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई।



**रिहर्सल** **भोपाल।** भोपाल के लाल परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर परेड की रिर्हसल की जा रही है।

# महिला को धमकाने के बाद बाइक में की तोडफोड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव विशनखेड़ी इलाके में महिला से चार लोगों ने बदसलूकी करते हुए घर के बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने तोड़फोड़ और अड़ीबाजी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सौरम बाई पत्नी धर्मा मीना (40) ग्राम विशनखेड़ी में रहती हैं और गृहणी हैं। रविवार की रात करीब आठ बजे वह घर पर अकेली थी, तभी ग्राम खेजड़ा देव के अनूप मीना, सीटू मीना, सूरज मीना और बबलू मीना पहुंचे। वह महिला के घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। महिला ने जब गाली-गलौज का कारण पूछा तो उन्होंने बाहर खड़ी बाइक में राड और डंडे से तोडफोड़ शुरू कर दी।

# व्यवसाय में असफलता हाथ लगने पर युवा व्यापारी ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य नगर में युवा व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पूछताछ में पता चला कि व्यापार में सफल न होने से वह डिप्रेशन में थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः आष्टा निवासी 26 वर्षीय आदित्य जैन पिता सुरेश जैन शंकराचार्य नगर, स्टेशन बजरिया में रहते थे। उनके पिता ने पुलिस को बताया कि बेटे आदित्य को उन्होंने ट्रांसपोर्ट का कारोबार शुरू कराया था। कबाड़खाना इलाके में उसका ऑफिस था। इसमें वह सफल नहीं हो सका। इसके बाद दो-तीन व्यवसाय किए, लेकिन किसी में सफलता हाथ नहीं लगी। 8-10 दिन से वह घर में रह रहा था और किसी से बात नहीं करता था। मंगलवार सुबह आदित्य के माता-पिता मंदिर चले गए। 10 बजे वापस लौटे तो आदित्य के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। पिता ने उसे आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। देखा कि आदित्य फंदे पर लटका है। तुरंत ही उसे फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे। डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# ज्योति टॉकीज फुटओवर ब्रिज पर फांसी लगाने वाले की नहीं हो सकी शिनाख्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर स्थित ज्यौति टॉकीज के पास फुटओवर ब्रिज पर 1 अगस्त गुरुवार सुबह फांसी लगाने वाले युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दो दिन शव को मर्चूरी में रखा था। उसका हुलिया आसपास के जिलों में भेज दिया गया है, लेकिन अभी तक कोई भी पहचान के लिए नहीं पहुंचा। लिहाजा समय अधिक होने के कारण पुलिस को शव दफन करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि ज्योति टॉकीज के सामने फुट ओवरब्रिज से गुरुवार सुबह टॉकीज के गार्ड ने एक युवक का शव लटका देख डायल 100 को सूचना दी थी।



पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। मृतक आसमानी शर्ट और नीला पेंट पहने हुए है। उसने नायलोन की रस्सी से फांसी लगाई है। उसकी तलाशी लेने पर कुछ भी नहीं मिला। पुलिस उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। मृतक की उम्र करीब 40 साल के आसपास बताई जा रही है और वह गरीब तबके का लग रहा है। उसके कपड़े गार्ड की तरह लगने के कारण पुलिस ने कुछ गार्ड्स से भी पूछताछ की थी, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

इधर, सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भदभदा गांव में चलती ट्रेन से गिरे चौदह साल के किशोर की भी पुलिस शिनाख्त नहीं कर सकी है। पुलिस ने रविवार 4 अगस्त की सुबह भदभदा रेलवे ट्रैक से किशोर की लाश बरामद की थी। उसके पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है जिससे कि उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे के आसपास पाइंट्समैन अक्षय श्रीवास्तव ने सूचना दी थी कि भदभदा रेलवे ट्रैक पर किसी किशोर का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है।

**मेट्रो एंकर**

## एम्स अस्पताल के पास अतिक्रमण

# दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमले से की गाली गलौज व मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमले के साथ दुकानदारों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे के आसपास की है। पुलिस ने उक्त मामले में नगर निगमकर्मी की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ, गालीगलौज, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रीतेश गर्ग नगर निगम भोपाल में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अधिकारियों ने एम्स के पास अवैध गुमठी और ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई के आदेश दिए?थे। प्रीतेश टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। वे अमले के साथ गेट नंबर 2 और 3 के पास अवैध रूप से ठेला और गुमठी लगाने वालों के ठेले और गुमठी हटा रहे थे। तभी ओमकार चौकसे, सुनील द्विवेदी और बृजकिशोर साहू वहां पहुंचा और ठेले समेत गुमठी हटाने का विरोध करने लगा। प्रीतेश गर्ग ने उन्हें बताया कि आलाधिकारियों के आदेश है कि एम्स के आसपास अतिक्रमण हटाना है। वे आदेश का पालन कर रहे हैं। इस पर आरोपी भड़क गए और गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना की शिकायत प्रीतेश गर्ग ने बागसेवनिया थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## रास्ते से निकलने की बात पर किसान से मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया इलाके में रहने वाले एक किसान के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। तीनों



खेत से निकलने के लिए पैसों की मांग कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सत्यप्रकाश मीना (41) ग्राम बगोनिया में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। सोमवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने खेत से घर की तरफ जा रहे थे। उनके खेत पर जाने का रास्ता अकबर खान, अनवर खान और आरिफ खान के खेत के बगल से है। घर जाते समय तीनों लोगों सत्यप्रकाश के साथ गाली-गलौज की और बगैर पैसे दिए खेत के रास्ते से जाने से मना किया। सत्यप्रकाश ने जब पैसे देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मारपीट और अड़ीबाजी का मामला दर्ज कर लिया है।

## आठ बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर के आदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में सक्रिय आठ बदमाशों के खिलाफ पुलिस आयुक्त न्यायालय द्वारा जिलाबदर के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें मोहम्मद फैसल निवासी श्यामला हिल्स, मो. अनस निवासी गौतम नगर, दीपक अहिरवार निवासी मिसरोद, भरत मोरे उर्फ भरत काला निवासी अरेरा हिल्स, अशोक मीणा निवासी कटारा हिल्स, अनीस खान उर्फ अनीस मौलाना निवासी गौतम नगर, आदिल खान उर्फ बच्चा निवासी कोहेफिजा और आमिर उर्फ अम्मू शेख निवासी निशातपुरा शामिल हैं।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह

# इंटर्नशिप में बेहतर कार्य करने वाले 169 स्टूडेंट को सर्टिफिकेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस मुख्यालय की कम्यूनिटी शाखा के सहयोग से भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा संचालित स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम 2023-24 का दीक्षांत समारोह एवं स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम 2024-25 का उद्घाटन समारोह नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस सूर्य प्रकाश वाइस चांसलर नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी, विशिष्ट अतिथि पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र, डीआईजी कम्यूनिटी पुलिसिंग डॉ. विनीत कपूर, डीसीपी अखिल पटेल, डीपीसी प्रियंका शुक्ला, प्रोफेसर डॉ. यूपी सिंह, रजिस्टार विवेक बैक्सी, एआईजी कम्यूनिटी पुलिसिंग अमृत मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त निधी सक्सेना एवं शहर के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण एवं छात्रगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर हम किसी कार्य में एक दो-बार असफल होते हैं, तो इसका मतलब ये नहीं कि हम कुछ नही कर सकते। बल्कि आपके अंदर वो क्षमता है जो आपको अपनी उम्मीदों से बढ़कर मिल सकता है। उसके लिए आवश्यकता है कार्य के प्रति लगन एवं मेहनत। उन्होंने स्टूडेंट इंटर्नशिप पूर्ण कर चुके छात्रों को




बधाई दी। संबोधन के उपरांत स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम 2023-24 सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले 169 छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किए गए। साथ ही इंटर्नशिप प्रोग्राम 2024-25 में भाग लेने वाले विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय को इस इंटर्नशिप प्रोग्राम का पोस्टर वितरित किया गया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022